दैनिक
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
n वर्ष : 11 अंक : 74 | जयपुर, शुक्रवार 03 अप्रेल, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | page 8+st

# युवाओं की भलाई के लिए समर्पित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा : माय भारत पोर्टल को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर मैराथन बैठक

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में प्रदेश की युवा शक्ति के माय भारत पोर्टल का ज्यादा उपयोग करने की बात कही, बैठक में मुख्य वीश्रीनिवास और केंद्र तथा राज्य सरकार के अधिकारी रहे मौजूद









जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में शासन की बागडोर हाथ में लेने के पहले दिन से ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा युवा,किसान, मजदूर और महिला के विकास और कल्याण पर सबसे ज्यादा काम करते हुए नजर आए हैं और इन चारों के कल्याण और विकास के लिए पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं और बड़े फैसले भी लिए हैं जिसकी वजह से प्रदेश में युवा किसान मजदूर और महिला की जीवन शैली में क्रांतिकारी बदलाव भी नजर आने लगा है। मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश की युवा शक्ति पर सबसे ज्यादा फोकस रखे हुए हैं और लगातार युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ तो बैठक आयोजित करके उन्हें प्रदेश के युवाओं के विकास और कल्याण के लिए ज्यादा काम करने को प्रेरित कर ही रहे हैं इसके अलावा युवाओं के लिए सरकार ने युवा नीति बनाने के साथ-साथ कई और बड़े निर्णय लिए हैं जिसकी वजह से प्रदेश में युवा शक्ति का भजनलाल सरकार के प्रति भरोसा और विश्वास बहुत मजबूत हुआ है। गुरुवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर माय भारत पोर्टल को लेकर केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के अधिकारियों के साथ लंबी बैठक आयोजित की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से साफ कहा कि माय भारत पोर्टल का उपयोग युवाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित किया जाए इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा गतिविधियां संचालित की जाए ताकि इस पोर्टल का युवा अच्छा फायदा उठा सके और उनका जीवन खुशहाल हो सके मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में माय भारत पोर्टल की गतिविधियों की समीक्षा की और माय भारत पोर्टल से जुड़ी तमाम तरह की जानकारी और विषयों को लेकर विस्तार से फीडबैक लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि इस पोर्टल का समुचित उपयोग प्रदेश के दूर दराज के गांव और ढाणी में बैठे युवक भी ठीक तरह से कर सके इसके लिए प्रभावित तौर से कार्रवाई की जाए ताकि जो युवा इस पोर्टल से अनभिज्ञ हैं वह भी इस पोर्टल से जुड़कर खुद के जीवन को निखार सके इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए जानकारी के अनुसार गुरुवार को हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि सरकार ने की ओर से युवाओं के लिए कई बड़े कार्यक्रम और कई बड़े निर्णय लिए गए इसलिए इन सभी कार्यक्रमों और निर्णय का युवा अच्छी तरह से फायदा उठा सके इसके लिए माय भारत पोर्टल एक अच्छा माध्यम बन सकता है इसलिए अधिकारियों को इस विषय पर और भी गंभीरता से काम करने की जरूरत है ताकि सरकार की और से युवाओं की भलाई और कल्याण के लिए जो योजनाएं बनाई गई हैं उनका प्रदेश के युवा शक्ति फायदा उठा सके ।

# भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ आज रामलीला मैदान में हनुमंत शोभा यात्रा का करेंगे शुभारंभ

## सांगानेर गेट हनुमान मंदिर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, पूर्व मंत्री और विधायक कालीचरण सराफ, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा और विधायक गोपाल शर्मा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि शोभायात्रा का करेंगे स्वागत






### ऐतिहासिक और आकर्षक होगी आज की शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ आज जयपुर में रामलीला मैदान से हनुमंत शोभा यात्रा का शुभारंभ करेंगे । इस शोभायात्रा में अनेक भव्य और आकर्षक रथ हैं जिन्हें भगवान वीर हनुमान के जीवन चरित्र के दृश्यों से सजाया गया है। यह रथ काफी आकर्षक तरीके से तैयार किए गए हैं जिन्हें आज भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ रामलीला मैदान से रवाना करेंगे इस मौके पर साधु संत और जयपुर के विभिन्न मंदिरों के पुजारी भी मौजूद रहेंगे तथा इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी शोभायात्रा में शामिल होंगी। यह शोभा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर सांगानेरी गेट पहुंचेगी जहां हनुमान मंदिर पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा विधायक गोपाल शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि शोभायात्रा का स्वागत करेंगे यहां से शोभा यात्रा बड़ी चौपड़ पहुंचेगी जहां पर शोभायात्रा की आरती उतारने के लिए एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यहां पर व्यापार जगत से जुड़े लोग, विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग,समाजसेवी इत्यादि गणमान्य नागरिक शोभायात्रा का स्वागत करेंगे बड़ी चौपड़ पर भगवान वीर हनुमान जी की एक आकर्षक और विशाल प्रतिमा झांकी के रूप में आकर्षण का केंद्र रहेगी। यहां से शोभा यात्रा त्रिपोलिया बाजार छोटी चौपड़ चांदपोल बाजार पहुंचेगी इस आकर्षक हनुमंत शोभा यात्रा का आयोजन पिछले 40 साल से हर साल लगातार हो रहा है। हालांकि कोरोना की अवधि के दौरान इस शोभा यात्रा का आयोजन लॉकडाउन की वजह से नहीं किया गया था अन्यथा इस शोभा यात्रा का हर साल आयोजन किया जा रहा है इस शोभायात्रा को देखने के लिए जयपुर के कोने-कोने से लोग चारदीवारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में जमा होते हैं। इस शोभा यात्रा में एक से एक झांकियां भगवान हनुमान की देखने को मिलती है जिन्हें देखकर हनुमान भक्त लोग काफी अचंभित हो जाते हैं क्योंकि इस शोभा यात्रा में बहुत ही खूबसूरत तरीके से भगवान हनुमान भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को झांकियां के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है जिन्हें लोग देर तक देखते ही रहते हैं ।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हनुमान जयंती पर सांगानेरी गेट पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर के दर्शन किए और प्रदेश के विकास और कल्याण की प्रार्थना की : गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में सांगानेरी गेट स्थित पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर के दर्शन किए दिया कुमारी ने यहां मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश के लोगों की भलाई और कल्याण के लिए भगवान हनुमान से प्रार्थना की इस मौके पर दिया कुमारी ने प्रदेश के लोगों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हनुमान जयंती के पर्व पर हम सबको आत्मविश्वास आत्म संबल और एक नई ऊर्जा मिलती है उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान नैतिक आचरण और आत्म शुद्धि और आत्म बल के प्रतीक हैं उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करके हम परिवार समाज प्रदेश और देश का विकास करें ।

# ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा है काफी गंभीरः सुरेश सिंह रावत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पुष्कर विधायक और प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि विश्व विख्यात ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर बनाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी गंभीर हैं और इसके लिए सतत प्रयास कर रहे हैं । मुख्यमंत्री शर्मा कॉरिडोर की डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया में ब्रह्मा मंदिर प्रशासन से जुड़े लोगों साधु संतों गणमान्य लोगों और जनप्रतिनिधियों से भी लगातार बातचीत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर परिसर में स्थित विभिन्न मंदिरों तथा घाटों की मरम्मत इत्यादि के लिए हमारी सरकार गंभीरता से काम कर रही है। इसके लिए बजट में भी प्रावधान किया गया है और बजट में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की जो घोषणा की गई है उसके क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री खुद लगातार साधु संतों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत करके डीपीआर की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं ।




गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिनों पुष्कर में आयोजित एक कार्यक्रम में भी साफ कहा था कि प्राचीन काल ऋषि मुनियों के समय से पुष्कर एक बड़े पवित्र तीर्थ स्थल के रूप में आस्था का प्रतीक बना हुआ है और सरकार पुष्कर के सभी घाट और मंदिर के निर्माण और अन्य विकास कार्यों के लिए गंभीर है मुख्यमंत्री शर्मा ने पुष्कर कॉरिडोर का निर्माण करके इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात भी कही थी इसलिए अपने कहे के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा पुष्कर तीर्थ स्थल का विकास करने के लिए पूरे दिल से जुड़े हुए हैं। इस बात को स्थानीय विधायक और मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी स्वीकार किया है जानकारी के अनुसार पुष्कर कॉरिडोर के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री शर्मा कई बार अधिकारियों के साथ ही बैठक कर चुके हैं और साधु संतों गणमान्य नागरिकों और व्यापार जगत से जुड़े लोगों के साथ भी उन्होंने कई बैठक आयोजित करके सभी से सुझाव और सलाह ली है जिसके आधार पर सरकार डीपीआर बनाने की प्रक्रिया में युद्ध स्तर पर जुटी हुई है उल्लेखनीय है कि पुष्कर में दुनिया का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है जिसकी अपनी ऋषि मुनियों के जमाने से ही ऐतिहासिक गौरव गाथा है यह मंदिर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है पुष्कर की लोकेशन और यहां के घाट देश और विदेश के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय भी हैं इसीलिए देश और विदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां हर साल घूमने भी आते हैं इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार इस कोशिश में जुटी है कि अगर इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए तो इसे एक तरफ पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी जिससे पर्यटन जगत को बढ़ावा मिलेगा।

# केरल चुनावः पीएम मोदी ने की भाजपा कार्यकर्ता की तारीफ

**वायनाड/नई दिल्ली(एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वायनाड में भाजपा की बूथ अध्यक्ष विनिता के.के. की तारीफ की। उन्होंने भरोसा जताया कि वह सार्वजनिक बहस में मौजूदा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने सभी पार्टी से केरल चुनाव से पहले घर-घर जाकर संपर्क मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के जरिये केरल के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर पार्टी की पहुंच मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कई कार्यकर्ताओं से बातचीत की, जिसमें वायनाड जिले के मंथनवाड़ी से बूथ अध्यक्ष विनिता केके भी शामिल थीं।



## जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने खैरथल के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।(निसं.)** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने गुरुवार को खैरथल के वार्ड नंबर 1 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों एवं स्टाफ की उपस्थिति की जांच की और शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मिड डे मील योजना के तहत विद्यार्थियों को दिए जा रहे पोषाहार की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित डाइट चार्ट के अनुसार ही पोषाहार उपलब्ध कराया जाए और भोजन बनाने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर अतुल प्रकाश ने विद्यालय में कम नामांकन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मोती डूंगरी हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित

### समाजसेवा के उत्कृष्ट योगदान के लिए यश भार्गव का हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मोती डूंगरी हनुमान मंदिर परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा के प्रति समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए यश भार्गव को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र गोयल, द्वारका प्रसाद खंडेलवाल, गौरव गोयल सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान जैसे महादान के माध्यम से मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है और समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। 'रक्तदान - महादान, मानवता की सच्ची पहचान।'



## शहर की यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों/सर्किल के यातायात प्रबंधन के संबंध में सुझावों की क्रियान्विति हेतु कमेटी गठित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा अलवर शहर की यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों/सर्किल जेल चौराहा, बिजली घर चौराहा, नंगली सर्किल, भगतसिंह सर्किल पर यातायात प्रबंधन के संबंध में सर्वे में सुझाए गए उपायों की क्रियान्विति हेतु समन्वय कमेटी गठित की गई है। जिला कलक्टर के आदेशानुसार कमेटी में नगर विकास न्यास की सचिव नोडल अधिकारी एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को सह-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट शहर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, नगर निगम आयुक्त एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कमेटी में सम्मिलित रहेंगे। उन्होंने गठित कमेटी को निर्देशित किया है कि नगर विकास न्यास सचिव के दिशा-निर्देशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था के संदर्भ में किए गए सर्वे अनुसार सुझावों को ध्यान में रखते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभावी आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि अलवर शहर में बढ़ते यातयात दबाव, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जाम की समस्या एवं आमजन को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर विकास न्यास सचिव द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों एवं चौराहों का विस्तृत सर्वे कराकर निकट भविष्य में शहर की यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन एवं सुव्यस्थित करने के संबंध में अल्पकालीन, मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन उपायों के संबंध में सुझावों से अवगत कराया गया था। इसी के संदर्भ में जिला कलक्टर द्वारा कमेटी का गठन किया गया है।

## सर्व समाज ने किया बेटी दामिनी का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** हरदेव नगर पर विभिन्न समाजों के लोगों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में दामिनी शर्मा पुत्री रामसेवक शर्मा का माला, साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर व मोमेंटो देकर अभिनंदन किया। बेटी ने दिन रात मेहनत कर व माता-पिता एवं गुरुजनों के सहयोग से दसवीं क्लास बोर्ड परीक्षा में 95.40 प्रतिशत अंक पाकर सफलता प्राप्त की है। दामिनी शर्मा ने बताया कि वह राजरानी शिक्षा निकेतन, हरदेव नगर की छात्रा है उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया और संदेश दिया कि पढ़ाई के नियमित अध्ययन से ही सफलता मिलती है दामिनी ने हिंदी में 100 में से 100 एवं हिंदी साहित्य में 100 में से 98 अंक प्राप्त किए है भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा जाहिर की, इस अवसर पर पूर्व शिक्षा उपनिदेशक गणेश कुमार धाकरे, कायस्थ समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रकांत सक्सेना, भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक दयाकांत सक्सेना, जिला साक्षरता व सतत शिक्षा अधिकारी वीरी सिंह, राजीव सक्सेना, दिवाकांत, मनोज कुमार, अलका, मुकेश सक्सेना, बृजेश, नीरज पुरी, सुधाकर, प्रणव सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।



# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अलवर में 20 किमी लंबी भव्य शोभायात्रा

### केडलगंज से अकबरपुर तक निकली विशाल यात्रा, झांकियां और जयकारों से भक्तिमय हुआ शहर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को अलवर शहर में केडलगंज से अकबरपुर स्थित श्री बगीची वाले हनुमान जी महाराज मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। करीब 20 किलोमीटर लंबी इस धार्मिक यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार गोयल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भव्य आयोजन किया गया। शोभायात्रा 2 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे केडलगंज से प्रारंभ होकर नगर निगम, घंटाघर, होप सर्कस, कंट्रोल रूम, गायत्री मंदिर रोड, घोड़ा फेर व ढाई पैड़ी होते हुए लगभग शाम 4 बजे अकबरपुर स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंची। यात्रा के समापन पर लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें गणेश जी की झांकी, रघुवीर ताशा पार्टी, भगवानों की झांकियां, अशोक वाटिका, पांच प्याऊ, पांच डीजे, धमाल ढोल, घंटा-घड़ियाल, तोप से पुष्प वर्षा और दुर्गा बैंड शामिल रहे। इसके अलावा लगभग 551 ध्वजों के साथ हजारों भक्तों की मौजूदगी और वृंदावन के कारीगरों द्वारा सुसज्जित बाबा का रथ यात्रा की शोभा बढ़ा रहा था। यात्रा में अलवर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से जुड़े संत भी अलग-अलग बग्गियों में विराजमान होकर शामिल हुए। इनमें नाथ संप्रदाय के महंत योगी रविनाथ (प्रेमनाथ आश्रम, अलवर), महंत जितेंद्र खेड़ापति (श्री त्रिपोलिया महादेव, अलवर), बालकादेवाचार्य (रैना गिरी धाम) तथा सुदर्शनाचार्य (वेंकटेश बालाजी धाम, अलवर) प्रमुख रूप से शामिल रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में बहुत स्थानों पर जलपान की व्यवस्था थी। पूरे मार्ग में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजन को लेकर प्रशासन और समिति की ओर से सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए।





## कांग्रेस की बैठक में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर निकाय आम चुनाव 2026 के अंतर्गत नगर निगम की मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन तथा उनसे संबंधित दावे-आपत्तियों के विषय पर गुरुवार को कांग्रेस कमेटी कार्यालय, जगन्नाथ मंदिर के पास अलवर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने की। बैठक में नगर निगम की मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे अधिक से अधिक आमजन की सहायता करते हुए मतदाता सूचियों में आवश्यक संशोधन करवाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान' के तहत संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों को 7 अप्रैल तक वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ की उपस्थिति की जांच करवाएं। बताया गया कि कई स्थानों पर बीएलओ निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें तथा मतदाता सूची से जुड़े कार्य को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में कमलेश सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम महेंदीरत्ता, विक्रम यादव, डॉ. गौरव यादव, राजेश कृष्ण सिद्ध, रमन सैनी, नारायण साईवाल, सोनू गोपालिया, राजेश सैनी, रिंकू वर्मा, संजय शुक्ला, सत्य नारायण शर्मा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, डॉ. संदीप सैनी, के.सी. मीणा, प्रशांत राजा, रामहरी शर्मा, डालचंद वर्मा, इंद्रेश लोहेरा, देवेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, लोकेश कुमार, कुलवंत सिंह, अशोक नंदा, धर्मेंद्र खटीक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## लायंस क्लब राजगढ़ में रीजन चेयरपर्सन ऋषि फतेहपुरिया की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न, सामाजिक गतिविधियों की सराहना

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** लायंस क्लब रीजन-10 के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन ऋषि फतेहपुरिया की अधिकारिक यात्रा गुरुवार को कस्बे के एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रदीप गुप्ता ने की। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रांतीय सलाहकार लॉयन खेम सिंह आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन ऋषि फतेहपुरिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजन सेक्रेटरी लॉयन राजेश सेठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्लब सचिव एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा ने क्लब द्वारा संचालित सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष लॉयन रामनिवास मीणा ने क्लब की वित्तीय स्थिति की जानकारी दी। मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लॉयन ऋषि फतेहपुरिया एवं रीजन सेक्रेटरी लॉयन राजेश सेठी ने लायंस क्लब राजगढ़ को रीजन ही नहीं बल्कि प्रांत का महत्वपूर्ण क्लब बताते हुए क्लब द्वारा की जा रही स्थाई सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पांच विशेष योग्यजनों को माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रदीप गुप्ता ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन के लिए लॉयन एन.एल. वर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर दुशंत आर्य, लोकेश रावत, अजय यादव, वीरेन्द्र दाधीच, जिनेन्द्र जैन, नंदलाल बैरवा, रूपनारायण शर्मा, संजय राजस्थानी, कृष्ण गोपाल तांबी सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे।




## उप श्रम आयुक्त ने भिवाड़ी में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** पश्चिम एशिया में वर्तमान परिस्थितियों के चलते गैस सप्लाई बाधित होने से भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन में कमी और श्रमिकों के पलायन की सूचना पर उप श्रम आयुक्त खैरथल-तिजारा प्रज्ञा शर्मा ने भिवाड़ी में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने गैस आपूर्ति में कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने, लागत बढ़ने और श्रमिकों के पलायन जैसी समस्याओं को विस्तार से रखा। साथ ही वर्तमान संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने सभी संगठनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों के समन्वय से समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों को सुचारू रूप से संचालित रखना प्राथमिकता है, जिससे श्रमिकों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। बैठक के पश्चात श्रम विभाग की टीम ने भिवाड़ी स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण भी किया और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने उत्पादन, श्रमिक उपस्थिति और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए वास्तविक स्थिति को समझा। बैठक में भिवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भिवाड़ी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, भिवाड़ी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती तथा खुशखेड़ा करौली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित श्रम निरीक्षक कविन्द्र चौधरी एवं गोविन्द प्रतिहार मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार की सडक दुर्घटनाओं में पीडित व्यक्ति को कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने की अनोखी पहल - पीएम राहत योजना

### सडक दुर्घटनाओं में पीडित व्यक्ति को सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी मिल सकेगा डेढ़ लाख रूपये तक का कैशलेस उपचार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सडक दुर्घटनाओं के पीड़ितों को तुरंत कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम राहत योजना (PM Road Accident Victims Hospitalization & Assured Treatment Scheme) प्रारम्भ की गई है, जिसके तहत सडक दुर्घटना में प्रति व्यक्ति को सूचीबद्ध निजी एवं सरकारी अस्पतालों में 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। सामान्य मामलों में 24 घण्टे तक तत्काल स्थिरीकरण उपचार एवं गंभीर जीवन रक्षक मामलों में 48 घण्टे तक उपचार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में इमरजेंसी स्थिरीकरण, सर्जरी, आईसीयू देखभाल आदि चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पीएम राहत योजना में तकनीकी आधारित प्रणाली का उपयोग किया जाता है, जिसमें दुर्घटना की रिर्पोटिंग से लेकर अंतिम भुगतान तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस रहती है।

### योजना की पात्रता और पहुंच

उन्होंने बताया कि यह योजना सभी सडक दुर्घटना पीडितों पर लागू होती है, जिनमें चालक, यात्री, पैदल यात्री शामिल है, चाहे उनकी राष्ट्रीयता, आयु या आय कुछ भी हो। उन्होंने बताया कि यह योजना भारत की किसी भी श्रेणी की सडक यथा राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, शहर की सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लागू है। उन्होंने बताया कि कैशलेस उपचार के लिए पीडित को दुर्घटना के 24 घण्टे के भीतर सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सडक दुर्घटना के पीडित व्यक्ति को उपचार निर्धारित अस्पतालों में दिया जाएगा, जिनमें आयुष्मान भारत के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल भी शामिल हैं।

## राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

*__धौलपुर(निस)।__ राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल चौधरी ने नव चयनित सूचना सहायकों को कार्यकारिणी में शामिल करते हुए कार्यकारिणी का का विस्तार किया जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर में कार्यरत सूचना सहायक टिंकू कुमार आर्य को संगठन में कार्यालय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया जिससे धौलपुर आईटी कर्मचारियों में खुशी का माहौल बन गयाऔर सभी ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। टिंकू कुमार आर्य ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि अब संगठन हर कर्मचारी की मजबूत आवाज बनेगा । व कर्मचारियों के अधिकारों की आवाज मजबूती से उठाई जाएगी तथा कर्मचारियों की मांगों को जोरदार व निर्णायक तरीके से रखी जाएगी कैडर विस्तार सहित अनेक कार्यों में तेजी लाई जाएगी।*

## धौलपुर में 'ए' श्रेणी की सख्त नाकाबंदी, 1300 से अधिक वाहनों की जांच; 300 चालकों पर कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से धौलपुर पुलिस ने बुधवार रात 'ए' श्रेणी की सघन नाकाबंदी अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में 1 अप्रैल 2026 को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक जिलेभर में यह विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ तथा समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन में सभी थानाधिकारीयों के नेतृत्व में सुनियोजित तरीके से नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान जिलेभर में कुल 1288 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ सवार व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन भी किया गया। पुलिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए राजकॉप एप के माध्यम से वाहनों के पंजीकरण और स्वामित्व की त्वरित पुष्टि भी की। अभियान के दौरान 16 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए, जबकि 66 बिना हेलमेट, 67 बिना सीट बेल्ट, 1 मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाते, 9 बिना नंबर प्लेट के वाहन, 4 काली फिल्म लगे वाहन तथा 126 अन्य नियम उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कुल मिलाकर करीब 300 चालकों के विरुद्ध चालान किए गए। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान यह भी सुनिश्चित किया कि किसी बीमार व्यक्ति, महिला या वरिष्ठ नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जिले में आमजन की सुरक्षा और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी।

# राजाखेड़ा में मनमोहक झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर बजरंग बली के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें दर्जनों मनमोहक झांकियां निकली जिन्होंने भक्तों का मनमोहने का काम किया। शोभायात्रा का प्रमुख कार्यक्रम कस्बे के रामखिलाड़ी चौराहे पर हुआ जहां कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा रहीं साथ ही विशिष्ट अतिथियों के रूप में राजाखेड़ा एसडीएम सुशीला मीणा, तहसीलदार दीप्ति देव मनियां सीओ खलील अहमद मंचासीन रहे जिनका शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष कालीचरण मुद्गल सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने साफा पहनाकर और स्मृतिचिन्ह भेट कर स्वागत सम्मान किया गया। शोभायात्रा की विधिवत शुरुआत हाट मैदान स्थित महतेकी हनुमान जी मंदिर से पूजा अर्चना कर हुई जहां से दर्जनों झांकियां धीरे धीरे हाट मैदान होते हुए मनोरमा कोठी से मुख्य बाजार आईं जहां राम खिलाड़ी चौराहे पर उनका प्रदर्शन देखने को मिला जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट कला का शानदार प्रदर्शन किया, झांकियों में हनुमान जी की झांकी, भोलेनाथ, भगवान कृष्ण, शेरा वाली माता एवं हनुमान जी की अशोक वाटिका की झांकी सहित अन्य झांकियां एवं शामिल हुई जिनके साथ नामी दर्जनों बैंड शामिल हुए जिनकी शानदार धुन पर भक्तिमय माहौल नजर आया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि राजाखेड़ा में आयोजित होने वाले विशाल शोभायात्रा आयोजन का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हनुमान जी के आशीर्वाद से भव्य शोभायात्रा का आयोजन यहां की कमेटी करती है धार्मिक आयोजन यहां की गंगा जमुनी तहजीब की एक शानदार मिशाल है जहां सभी वर्ग खुशी से शामिल होते है और सभी अवसरों पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा का स्वागत करते हैं, शर्मा ने कहा कि कुछ समय पहले तक यहां धार्मिक कार्यों के आयोजन में भी प्रशासन की ओर से बाधाएं उत्पन्न करवा दी जाती थीं लेकिन अब यहां सभी धार्मिक आयोजन खुशी खुशी आयोजित होते है , शर्मा ने कहा कि राजाखेड़ा के विकास के लिए भी में लगातार प्रयासरत हूं, वीर बजरंग बली के आशीर्वाद से यहां का विकास होकर ही रहना है फिर चाहें उसमें कोई भी रुकावटें आएं या रुकावटें उत्पन्न करने वाले आगे आएं। इस दौरान मिथल शुक्ला, बलवीर सिकरवार, गौरी शंकर उपाध्याय, दिलीप पाराशर, अर्जुन सिंह, राकेश सिंह, अनूप गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# डबल इंजन सरकार के महंगाई बम ने ढाबे और थड़ी-ठेले वालों की आजीविका को किया ध्वस्तः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में की गई 195 रुपए की बेतहाशा वृद्धि ने प्रदेश के छोटे ढाबा संचालकों, थड़ी और ठेले वालों की आजीविका को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जूली ने कहा कि भीषण महंगाई से जूझ रही जनता पर भाजपा ने एक बार फिर महंगाई का बम फोड़कर अपनी संवेदनहीनता का परिचय दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि साल के अभी मात्र तीन महीने बीते हैं और चौथे महीने की शुरुआत में ही पांचवीं बार



दाम बढ़ाकर सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की यह वृद्धि सीधे तौर पर गरीब आदमी की थाली पर वार है। जूली ने कहा कि भाजपा की संवेदनहीन नीतियों ने गरीब की थाली से निवाला और छोटे दुकानदार से उसका रोजगार छीन लिया है। यह वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि ढाबे और थड़ी-ठेले वालों की मेहनत की कमाई पर सीधा डाका है। जूली ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान जैसे पर्यटन प्रधान राज्य में कमर्शियल गैस की कीमतों में इतनी बड़ी उछाल से पर्यटन क्षेत्र, छोटे होटल और ढाबा संचालकों पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। भाजपा सरकार की नीतियां आज जनता की थाली से निवाला छीनने का काम कर रही हैं। एक तरफ महंगाई आसमान छू रही है, तो दूसरी तरफ रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। सरकार की नीतियां विकास के दावे तो करती हैं, लेकिन धरातल पर केवल आमजन को आर्थिक संबल देने के बजाय उन्हें कष्टों के दलदल में धकेल रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर भी राज्य सरकार की घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब केंद्र द्वारा एक्साइज ड्यूटी कम की गई थी, तब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा था कि इस संवेदनशील कदम से देश के लाखों परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही वे वैश्विक उतार-चढ़ाव की अनिश्चितता से मुक्त रहेंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि उस कटौती का लाभ आमजन तक पास ऑन ही नहीं किया गया। जब 27 मार्च को एक्साइज ड्यूटी में कमी की गई, तब बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन आज भी राजस्थान की जनता को महंगे ईंधन से कोई राहत नहीं मिल रही है। यह सरकार केवल कागजों और विज्ञापनों में संवेदनशील है, हकीकत में जनता को लूटने का काम कर रही है। टीकाराम जूली ने सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की है कि यदि भाजपा सरकार वास्तव में जनता का हित चाहती है, तो कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों को तत्काल कम किया जाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि आपकी सरकार दाम कम करने की मंशा नहीं रखती, तो कम से कम कीमतें उतनी ही स्थिर कर दें जितनी आज से चार महीने पहले थीं। सरकार को केवल कष्ट देने के बजाय राहत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## बदमाशों ने जयपुर में सस्पेंड कांस्टेबल का अपहरण करके फिरौती के रूप में करीब डेढ़ लाख रुपए वसूले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के रामनगरिया पुलिस थाना क्षेत्र में जगतपुरा में कार में सवार बदमाशों ने कार में सवार राजस्थान पुलिस के सस्पेंड कांस्टेबल का अपहरण कर लिया और फिर उसे 40000 रुपए तो नगद ही जबरन वसूल किया और करीब 85 हजार रुपए ऑनलाइन तरीके से वसूल किया पैसा वसूल करने के बाद बदमाशों ने सस्पेंड कांस्टेबल को रिहा कर दिया बाद में सस्पेंड कांस्टेबल की पत्नी की ओर से रामनगरिया थाने में बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह मामला आपस में लेनदेन का लग रहा है लेकिन जब सस्पेंड कांस्टेबल का बदमाशों ने अपहरण किया था उस दृश्य का वीडियो भी सामने आया है जिसमें अपनी पत्नी के साथ कार में सवार होकर जा रहे सस्पेंड कांस्टेबल तरुण राज की गाड़ी को जगतपुरा में एक अन्य गाड़ी में सवार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल से रुकवाया और फिर तरुण राज को जबरन बदमाशों ने अपनी गाड़ी में बिठाया और फिर बदमाशों ने तरुण राज के साथ मारपीट की और उससे नगद 40000 रुपए छीन लिए तथा तरुण राज की रिहाई के बदले बदमाशों ने ऑनलाइन तरीके से करीब 85000 रुपए खाते में डलवाए इसके बाद बदमाशों ने तरुण राज को रिहा कर दिया अब सस्पेंड कांस्टेबल तरुण राज की पत्नी ने पुलिस से इंसाफ की गुहार की है जानकारी के अनुसार शराब तस्करों से संबंध रखने के मामले में तरुण राज को सस्पेंड किया गया था पुलिस अब इस पूरे मामले को थोड़ा संदिग्ध मान रही है पुलिस का कहना है कि कहीं ना कहीं यह मामला आपस की लेनदेन से जुड़ता हुआ दिख रहा है लेनदेन की वजह से यह पूरा विवाद हो सकता है फिर भी दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है द्य पुलिस रिपोर्ट में कुछ लोगों के नाम भी बताए गए हैं पुलिस पुलिस रिपोर्ट में दर्ज आरोपी लोगों के नाम पते ठीक तरह से तस्दीक कर रही है ।

## जमीनी विवाद में गोली मारकर व्यक्ति की हत्या, हत्यारे मौके से फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भरतपुर जिले के सीकरी थाना इलाके में गमोडकी गांव में जमीनी विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी हत्यारे घटना स्थल से फरार हो गए जिनकी तलाश में पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटे हैं तथा फरार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस आसपास के इलाके में तलाशी अभियान को भी अंजाम दे रही है इसके अलावा आसपास के जिला पुलिस को भी फरार आरोपी लोगों के बारे में जानकारी दी गई है खबर लिखे जाने तक फरार अभियुक्त पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाए थे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति जगतार सिंह है जिसका 200 गज भूखंड को लेकर विवाद चल रहा था इसी विवाद के चलते जगतार सिंह के घर के बाहर सुखविंदर सिंह, राजू, अमरीक सिंह और जसवंत गाली गलौज कर रहे थे तभी जगतार सिंह ने उन्हें गाली गलौज करने से रोका जिस पर आपस में कहा सुनी के बाद सुखविंदर सिंह ने जगतार सिंह के देसी कट्टे से गोली मार दी जिससे जगतार सिंह की मौत हो गई इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी अभियुक्त मौके से फरार हो गए जानकारी के अनुसार जगतार सिंह के 200 गज के प्लाट पर फरार अभियुक्त कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे इसी क्रम में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया ।

## जवाहर नगर में बदमाशों ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया, गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के कोटा के जवाहर नगर थाना इलाके में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया जिसकी वजह से युवक बुरी तरह से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है चाकू बाजी की इस घटना के बाद जवाहर नगर इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत छा गई खबर लेकर जाने तक बदमाशों के बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी पुलिस घायल युवक से बदमाशों के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाना का प्रयास कर रही है लेकिन पुलिस फिलहाल घायल युवक के स्वस्थ होने का इंतजार कर रही है पुलिस घायल युवक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ करके यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक की किसी से अनबन या मनमुटाव तो नहीं चल रहा था फिलहाल खबर लिखे जाने तक बदमाशों के बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी ।

## चांदी 13500 और सोना 3200 रुपए हुआ सस्ता, गुरुवार को चांदी 233500 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी और सोने की कीमत में भारी कमी देखने को मिली गुरुवार को चांदी की कीमत में जहां 13500 की कमी दर्ज की गई तो दूसरी तरफ सोने की कीमत में 3200 रुपए की गिरावट दर्ज की गई इस तरह से गुरुवार को सोने और चांदी दोनों की कीमत में भारी कमी देखने को मिली जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को चांदी 233500 रुपए प्रति किलो में बेची गई द्य गौरतलब है कि जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में पिछले कई महीनो से लगातार उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है जिसकी वजह से जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का धंधा ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में शुद्ध सोने की कीमत 150500 रुपए प्रति 10 ग्राम तथा जेवराती सोना 140700 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था बड़ी बात यह है कि जयपुर सराफा बाजार में पिछले कई महीनो से यही देखने को मिल रहा है कि कभी सोने और चांदी की कीमत में लगातार वृद्धि होती रहती है तो कभी सोने और चांदी की कीमत में लगातार रोजाना गिरावट भी देखने को मिल रही है इसलिए जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में कभी निरंतर रोजाना तेजी तो कभी निरंतर रोजाना गिरावट की स्थिति होने से लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रहती है इसीलिए सोने और चांदी की खरीदारी को लेकर लोग असमंजस में है हालांकि जिनके घरों में शादियां हैं उन्हें जरूर मजबूरी में सोने और चांदी के आभूषण खरीदने ही पड़ते हैं ज्यादातर ऐसे लोग ही जयपुर सराफा बाजार में नजर आते हैं अन्यथा जो लोग पहले इन्वेस्ट के लिहाज से सोने और चांदी की खरीदारी करते थेउन लोगों की संख्या अब काफी कम हो गई है क्योंकि लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद रियल स्टेट के कारोबार और अन्य जगहों पर इन्वेस्ट करते हैं इसके पीछे कारण यही है कि सोने और चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव की वजह से जो असमंजस की स्थिति बनी हुई है उसे इन्वेस्ट करने वाले लोगों को यह लगता है कि कहीं उनकी रकम डूब नहीं जाए या फिर उन्हें घाटे का सौदा ना उठाना पड़ जाए इसलिए फिलहाल सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से लोग बच रहे हैं ।

## नीमकाथाना कृषि उपज मंडी सचिव को 40000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया, 80000 रुपए की रिश्वत मांगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को प्रदेश में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नीमकाथाना कृषि उपज मंडी के सचिव रणधीर सिंह को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम गिरफ्तार अभियुक्त रणधीर सिंह के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दे रही है तथा कृषि उपज मंडी समिति में रणधीर सिंह के दफ्तर से कागजात, फाइल, आवेदन, कंप्यूटर ,हार्ड डिस्क, इत्यादि को बरामद करके इन सब की जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त रणधीर सिंह कृषि उपज मंडी में भ्रष्टाचार को जोरदार तरीके से बढ़ावा दे रहा था इसलिए रणधीर सिंह की ओर से हाल ही में संपादित की गई विभिन्न तरह की फाइल और आवेदन पत्रों की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है तथा इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि बरामद की गई रिश्वत की 40000 रुपए की रकम में किसी अन्य का हिस्सा तो निश्चित नहीं है इन सब विषयों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच खबर लिखे जाने तक जारी थी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार



उपयुक्त रणधीर सिंह है जो नीम का थाना कृषि उपज मंडी में सचिव पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से कृषि उपज मंडी में लाइसेंस देने के बदले 80 हजार रुपए की रिश्वत मांगी बाद में यह सौदा 40000 रुपए में निश्चित हुआ इसके बाद परिवादी ने आरोपी रणधीर सिंह की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया इसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी रणधीर सिंह को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को परिवादी ने जैसे ही कृषि उपज मंडी में रणधीर सिंह को रिश्वत के 40000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ रणधीर सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

## विधायक जगत सिंह ने मृतक ज्वेलर्स योगेंद्र चोपड़ा के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी, हत्यारे अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भरतपुर जिले में नदबई विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक जगत सिंह ने गुरुवार को पिछले दिनों लूट की वारदात में मौत के मुंह में गए ज्वेलर्स योगेंद्र चोपड़ा के परिजनों से मुलाकात की और जगत सिंह ने योगेंद्र चोपड़ा के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी हालांकि इस हत्याकांड के मामले में पुलिस की जांच अभी अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची है हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर हैं इसलिए नदबई में सर्व समाज के लोगों की आज एक फिर से बैठक हो रही है इस बैठक में विधायक जगत सिंह को भी बुलाया गया बैठक में पुलिस की ओर से कई दिन भी जाने के बावजूद भी अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किए जाने पर सर्व समाज के लोगों ने गहरा आक्रोश प्रकट किया है हालांकि भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक आनंद खुद इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं पुलिस की जांच लगातार जारी है लेकिन कई दिन भी जाने के बावजूद भी अभियुक्तों के गिरफ्तार नहीं किए जाने पर नदबई के व्यापार जगत से जुड़े लोगों में गहरी नाराजगी छाई हुई



है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नदबई में योगेंद्र चोपड़ा के घर के पास ही अज्ञात लुटेरों ने चोपड़ा की गोली मारकर हत्या कर दी थी और उससे सोने चांदी के आभूषण से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे इस घटना के बाद नदबई के व्यापार जगत से जुड़े लोगों के अलावा विभिन्न सर्व समाज के लोगों ने पुलिस के कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा किया था और कहा था कि कस्बे में पुलिस का बदमाशों में बिल्कुल भी डर नहीं रह गया है इसलिए इस तरह की लूट और हत्या की घटनाएं नदबई में हो रही है ।

## सौम्या झा ने दोसा जिला कलेक्टर का कार्यभार संभाला, टोंक में कलेक्टर पद पर रहते किया था काफी अच्छा काम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2017 बैच की अधिकारी सौम्या जाने अधिकारी सौम्या झा ने गुरुवार को दौसा जिला कलेक्टर पद पर कार्यभार संभाल लिया दौसा जिला कलेक्टर पद पर नियुक्त होने से पहले सौम्या झा स्वास्थ्य विभाग में डायरेक्टर पद पर टेंथ थी अब उन्हें दोसा जिला कलेक्टर पद पर नियुक्ति दी गई है सौम्या झा काफी मेहनती कर्मठ और समर्पित भाव से कार्य करने वाली अधिकारी मानी जाती है इन्होंने पहले टोंक जिला कलेक्टर पद पर रहते हुए बहुत ही शानदार काम किया था शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को इस महिला अधिकारी ने टोंक जिले में स्कूलों में बहुत ही शानदार तरीके से संपादित किया था जिसकी पूरे देश में तारीफ हुई इसके अलावा टोंक जिले में अवैध बूचड़खानों के खिलाफ भी इन्होंने जोरदार तरीके से प्रभावी कार्रवाई की थी तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी सौम्या झा की बहुत बड़ी भूमिका मानी जाती है इसलिए सौम्या झा के टोंक जिला कलेक्टर पद पर रहने के दौरान किए गए शानदार कामों को आज भी टोंक के लोग काफी फायदा उठा रहे हैं हालांकि वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान नरेश मीणा के प्रकरण को लेकर भी सौम्या झा काफी चर्चित रही थी अब जिस तरह से दोसा जिले में सौम्या झा को यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है यह अपने आप में सौम्या झा के लिए एक तरह से एक और बड़ी



परीक्षा के समान है क्योंकि प्रदेश का दोसा जिला काफी संवेदनशील माना जाता है इसलिए इस जिले में कलेक्टर पद पर काम करने के दौरान इस महिला अधिकारी के सामने कई बड़ी चुनौतियां जरूर सामने आएगी लेकिन कहा जाता है कि सौम्या झा बिना किसी राजनीतिक प्रेशर के अपना काम करती है और किसी के दबाव में भी नहीं आती नियम और सिद्धांतों के अनुसार ईमानदारी से काम करने में यह महिला अधिकारी हमेशा विश्वास रखती है लेकिन टोंक जिले में इन्होंने जिस तरह से कलेक्टर पद पर रहने के दौरान ऐतिहासिक कार्य किया उनकी चर्चा पूरे प्रदेश में हुई और स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को सुनिश्चित करने के मामले में यह महिला ऑफिसर पूरे देश में चर्चित रही इसलिए दोसा जिले के लोगों को अब यह उम्मीद जगी है कि दौसा जिले में भी आने वाले दिनों में एक अच्छा प्रशासनिक सिस्टम उन्हें देखने को मिलेगा।

## बजरंगबली की कृपा से प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि का वास होः कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूरे प्रदेश में गुरुवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई । हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा का दिन भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हनुमान जयंती के अवसर पर प्रदेश के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि बजरंगबली की कृपा से सम्पूर्ण राजस्थान में खुशहाली, सुख-समृद्धि और संपन्नता का वास हो। भगवान हनुमान साहस, शक्ति, समर्पण और सेवा भाव के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परोपकार की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। सभी प्रदेशवासियों के लिए मेरी यही प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख व आनंद से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की अटूट भक्ति और प्रभु श्रीराम के प्रति उनका समर्पण हमें सिखाता है कि सच्ची आस्था और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। वर्तमान समय में हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करना चाहिए। कर्नल



राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आए। हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रही है। राज्य के हर जिले में हनुमान जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।

## पंचायत नगर निकाय चुनाव मामला : हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्त और आयोग सचिव को नोटिस दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव को समय पर न करने के मामले में राज्य निर्वाचन आयोग और निर्वाचन आयुक्त आयुक्त राजेश्वर सिंह को अवमानना नोटिस जारी किया है, हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंड पीटने पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि हाई कोर्ट के 15 अप्रैल 2026 तक चुनाव कराने के आदेश के बावजूद आयोग ने 22 अप्रैल तक फाइनल मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम कैसे तय किया हाई कोर्ट ने चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है याचिका करता का आरोप है कि सरकार और आयोग जानबूझकर चुनाव टाल रहे हैं जो अदालती आदेश की सीधी अवमानना है हाई कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से सवाल किया कि हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूचियां के पुनरीक्षण का कार्यक्रम सीमा से बाहर कैसे जारी कर दिया गया हाई कोर्ट ने आयोग को चार सप्ताह के अंदर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिका प्रस्तुत करने वाले संयम लोढ़ा के वकील ने हाई कोर्ट को बताया कि आयोग ने निकाय चुनाव के लिए 22 अप्रैल 2026 तक फाइनल मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम तैयार किया है इससे स्पष्ट है कि 15 अप्रैल 2026 तक चुनाव करना किसी भी हाल में संभव नहीं है जो कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है, सनी के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार चुनाव आगे बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र दायर करने जा रही है इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की की यह बाद की स्थिति है फिलहाल सवाल यह है कि चुनाव आयोग ने समय सीमा से बाहर कार्यक्रम कैसे जारी कर दिया हाईकोर्ट ने सरकार को इस मामले में नोटिस जारी नहीं किया लेकिन चुनाव आयोग को जवाबदेह ठहराया गौर तलब है कि राजस्थान हाई कोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को 439 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रदेश में 15 अप्रैल 2026 तक पंचायत और निकाय चुनाव करवाए जाए इसके अलावा सरकार को 31 दिसंबर 2025 तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया था इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी राज्य में 15 अप्रैल तक चुनाव कराने पर जोर दिया था द्य पूर्व विधायक संयम लोड़ा ने पहले भी चुनाव आयोग और सरकार को लीगल नोटिस भेजा था आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया जिसकी अंतिम तिथि 22 अप्रैल है ओबीसी आरक्षण संबंधी रिपोर्ट और परिसीमन जैसे मुद्दों को लेकर भी विवाद चल रहा है।

## प्रदेश में कई जिलों में बम धमाके की धमकी से पुलिस और प्रशासन में मचा हड़कंप

### पुलिस ने पासपोर्ट परिसर और डाकघर दफ्तर खाली करवाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में गुरुवार को एक बार फिर से कई जिलों में पासपोर्ट ऑफिस और डाकघर ऑफिस में बम होने की सूचना से पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया सूचना मिलने के बाद इन सभी जगह पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और सभी जगह पर दफ्तर को खाली करवाया तथा मौके पर डॉग स्क्वायड बम निरोधक दस्ते बुलाए और काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया तथा दफ्तर के आसपास के इलाकों में भी पुलिस ने सघन जांच पड़ताल की लेकिन पुलिस को तलाशी अभियान में कहीं पर भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद पुलिस ने सभी डाकघर और पासपोर्ट ऑफिस को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया जानकारी के अनुसार अजमेर के मुख्य डाकघर में ईमेल के माध्यम से सूचना दी गई कि गुरुवार की दोपहर 2:00 बजे बम फटेंगे ईमेल से सूचना मिलने के बाद अजमेर पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत डाकघर परिसर को खाली करवाया तथा डाकघर परिसर और आसपास के इलाके में सघन जांच पड़ताल की काफी देर तक तलाशी अभियान और जांच पड़ताल प्रक्रिया को अंजाम देने के बाद पुलिस को मौके पर कुछ भी नहीं मिला इसी तरह से अलवर में पासपोर्ट ऑफिस में ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई जिसके बाद यहां भी अलवर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पासपोर्ट ऑफिस को खाली करवा कर काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम दिया आसपास के इलाके में भी शकुंतला से ली गई लेकिन यहां भी आसपास के इलाके में भी तलाशी ली गई लेकिन यहां भी पुलिस आसपास के इलाके में भी तलाशी ली गई लेकिन पुलिस को कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिले इसी तरह से जयपुर के पासपोर्ट ऑफिस में भी बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई सूचना मिलने के बाद जयपुर पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत पासपोर्ट ऑफिस को खाली करवाया गया तथा मौके पर डॉग स्क्वायड और बमनिरोधक दस्ते भी पुलिस ने बुलवाए लेकिन पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद जयपुर पुलिस ने पासपोर्ट ऑफिस को पूरी तरह से सुरक्षित घोषित किया इसी तरह से बाड़मेर डाकघर ऑफिस में भी ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना मिली सूचना मिलने के बाद डाकघर प्रशासन से जुड़े लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना भेजी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची यहां भी तलाशी अभियान में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इस तरह से गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में ईमेल के माध्यम से कम होने की सूचना दी गई लेकिन पूर्व की सूचना की तरह गुरुवार को भी इस तरह की सूचना पूरी तरह से गलत निकली लेकिन जब तक इन सभी जिलों में पुलिस का तलाशी अभियान जारी रहा तब तक लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीर छाई रही बड़ी बात यह है कि पिछले कई महीनो से लगातार राजस्थानी जयपुर सहित प्रदेश घर में ईमेल के माध्यम से जिलाधीश कार्यालय हाई कोर्ट परिसर जिला अदालत इत्यादि जगहों पर ईमेल के माध्यम से एक बार नहीं कई बार बम होने की सूचना दी गई लेकिन सभी सूचना फर्जी मिली और इन सभी मामलों में पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची अब तक राजस्थान पुलिस ने एक भी ईमेल के मामले में जांच कंप्लीट करके ईमेल करने वाले लोगों को चिन्हित तक नहीं किया है इसलिए प्रदेश के लोग राजस्थान पुलिस से यही सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन सी वजह है जिसकी वजह से राजस्थान पुलिस ईमेल करने वाले लोगों के चक्रव्यूह को तोड़ नहीं पा रही है लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं राजस्थान पुलिस तकनीकी रूप से इस तरह के मामलों का निस्तारण करने में ट्रेंड नहीं है इसीलिए पुलिस ईमेल करने वाले लोगों तक पहुंच नहीं पा रही है ।

## सम्पादकीय

### युद्ध के असर से महंगा हुआ ईंधन, आम आदमी पर बढ़ता दबाव



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर अब भारत पर भी साफ दिखने लगा है। अभी तक सरकार यह दावा कर रही थी स्थिति नियंत्रण में है, मगर बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से स्पष्ट हो गया है कि समस्या अब गहराने लगी है और इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। अगर ईरान तथा अमेरिका-इजराइल का संघर्ष लंबा चला, तो यह तय है कि हालात और ज्यादा बिगड़ेंगे। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण घरेलू तेल कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम 195.50 रुपए बढ़ा दिए हैं। इसका असर यह होगा कि होटल, रेस्तरां और ढाबों पर भोजन करना तथा डिब्बाबंद खाद्य सामग्री अब महंगी हो जाएगी। इसके अलावा विमान ईंधन के दाम बढ़ाकर 2.07 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से अधिक कर दिए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने इस बढ़ोतरी को घरेलू विमानन कंपनियों के लिए 8.5 फीसद तक ही सीमित रखा है। फिर भी आने वाले दिनों में हवाई यात्रा पहले के मुकाबले महंगी हो सकती है। हाल ही में ऐसी खबरें आईं थी कि ईरान ने भारत समेत पांच देशों के तेल जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दे दी है, लेकिन बीते सोमवार को कहा गया कि भारत आ रहे तेल और गैस के उन्नीस जहाज अभी भी इस जलमार्ग में फंसे हुए हैं। यानी युद्ध की वजह से खाड़ी क्षेत्र में स्थितियां इतनी जटिल हो गई हैं कि औपचारिक राहत के बावजूद भारत के लिए तेल जहाजों को इस क्षेत्र से बाहर निकालना आसान नहीं है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में ईंधन के वैश्विक संकट के असर से भारत भी अछूता नहीं रहेगा। घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं। खासतौर पर रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है, उसे नियंत्रित करने के लिए सरकार के समक्ष भी बड़ी चुनौती है। अभी तो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की गई है, लेकिन गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले समय में घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाए जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण देश में चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम में भी 1.50 रुपए से लेकर 11 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यानी घरेलू रसोई गैस और सामान्य पेट्रोल-डीजल के दामों में ही बढ़ोतरी नहीं हुई है, क्योंकि सरकार इसकी कीमतें स्थिर रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन देखना होगा कि यह स्थिरता कब तक रहती है। सरकार के समक्ष भी यह चुनौती है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत बरकरार कैसे रखी जाए। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार कच्चे तेल की खरीद के लिए अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करे।



## कहानी

### शबनम परी

मंद-मंद समीर बह रही थी । पूर्व दिशा से सूरज धीरे-धीरे उग रहा था। आसमान में हल्की-सी सुनहरी लाली छा गई थी। हरजोध नींद से जल्दी जाग गया, आज रविवार था, उसको स्कूल भी नहीं जाना था । वह अपने बगीचे में खेलने आ गया। घास पर जमी ओस की बूँदें ऐसे लग रही थीं, जैसे किसी ने हरे मखमल पर हीरे बिखेर दिए हों। वह झुककर एक ओस की बूँद को निहारने लगा। तभी सूरज की किरण उस बूँद पर पड़ी – और बूँद अचानक सात रंगों में चमकने लगी! हरजोध की आँखें चौंधिया गईं। वह खुशी से चिल्लाया – 'वाह! ये तो इंद्रधनुष बन गया! ' वह कुछ देर तक देखता रहा। हर ओस कण पर जब किरण गिरती, तो उसमें बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी, लाल – सब रंग झिलमिलाने लगते। हरजोध को यह जादू-सा लगा। वह बोला, 'ये कैसे हुआ? क्या ओस के अंदर रंग छिपे रहते हैं? ' उसके इतना कहते ही उन ओस की बूंदों में से एक नन्ही परी प्रकट हुई। उसके कपड़े पारदर्शी थे, बाल चाँदी जैसे चमक रहे थे और पंख इंद्रधनुषी रंगों के थे। वह मुस्कुराई और बोली, 'मैं शबनम परी हूँ। तुमने मुझे प्यार से देखा है और तुम्हारे मन में मेरे लिए उत्सुकता जागी है, इसलिए अब मैं तुम्हारे सारे सवालों का जवाब दूँगी। ' हरजोध हँस पड़ा, 'सचमुच तुम ओस से निकली हो? ' परी बोली – 'हाँ, हर बूँद में थोड़ा सा प्रकाश, थोड़ा सा पानी, और थोड़ा सा जादू छिपा होता है। जब सूरज की किरण उस पर पड़ती है, तो प्रकाश सात रंगों में बिखर जाता है। इसीलिए मैं इंद्रधनुष जैसी लगती हूँ – यह प्रकृति का खेल है, और मैं हूँ उसका रूप! ' हरजोध के होठों पर मुस्कान खेल रही थी, उसने पूछा – 'ओ प्यारी परी, भला ओस और घास में क्या रिश्ता है? ' परी मुस्कुराई, 'तुम्हारा प्रश्न तो बहुत ही प्यारा है! घास धरती की सबसे विनम्र संतान है। दिन भर सूरज की गर्मी झेलती है, और रात में जब हवा ठंडी होती है, तो आकाश की नमी उसके ऊपर आकर ठहर जाती है। वह नमी ही ओस बन जाती है। बस यूँ समझो – घास और ओस माँ-बेटी जैसी हैं। घास धरती से जन्म लेती है, और ओस आकाश से उतरती है। दोनों मिलती हैं तो धरती मां मुस्कुराने लगती है। ' हरजोध की नज़र बगीचे के फूलों पर पड़ी, उन पर भी ओस की बून्दें चमक रही थीं, उसने पूछा, 'और फूलों का क्या रिश्ता है ओस से? ' परी ने कहा – 'फूल ओस को अपनी सखी मानते हैं। रात में जब वे सो जाते हैं, तो ओस आकर फूलों को चूमती है, उन्हें दुलारती है, उनकी थकान मिटाती है, और सुबह उन्हें नई ताजगी देती है। अगर ओस न हो, तो फूल मुरझा जाएँ। इसलिए तो कहते हैं – 'जहाँ ओस गिरे, वहाँ जीवन खिले।' ' हरजोध कुछ सोचते हुए बोला – 'लोग ओस की तुलना आँसू, पसीने और अमृत से क्यों करते हैं? ' परी थोड़ी देर चुप रही, फिर बोली – 'क्योंकि ओस हर भावना की तरह अलग-अलग रूप में समझी जाती है। देखो – जब किसी की आँखों से आँसू गिरते हैं, तो कभी वे दुख के होते हैं, कभी खुशी के। ओस भी ऐसी ही होती है – कभी धरती के दुख के आँसू मानी जाती है, कभी प्रकृति की खुशी की हँसी।' हरजोध ने उत्सुक होकर पूछा – 'और पसीना? ' परी प्यार से बोली, 'हाँ, कुछ लोग कहते हैं कि ओस धरती का पसीना है। दिन भर जब सूरज उसे गर्म करता है, तो रात को वह ठंडक पाकर अपने रोम-रोम से नमी छोड़ती है – जैसे कोई मेहनती किसान खेत जोतने के बाद पसीना बहाता है या कोई मज़दूर सारे दिन के सख्त काम से पसीने से नहाया-सा लगता है। इसलिए ओस में मेहनत और विश्राम दोनों की कहानी छिपी है। '

# शोध पत्रिकाओं की गुणवत्ता का सवाल

*अधिकांश शोध पत्रिकाओं में भाषा का संस्कार अनुशासन गायब दिखता है। वर्तनी को लेकर अराजकता का आलम यह है कि एक ही पृष्ठ पर एक ही शब्द अलग-अलग ढंग से लिखा मिलता है। इन पत्रिकाओं में शब्दावली, वाक्य विन्यास और व्याकरण संबंधी न्यूनतम ज्ञान का सर्वथा अभाव दिखता है। जहां वर्तमान में हिंदी में शोध पत्रिका होने का दावा करने वाली पत्रिकाओं की यह पीड़क स्थिति है, वहीं अतीत में निकलने वाली कई पत्रिकाएं यह दावा नहीं करती थीं कि वे शोध पत्रिका हैं, किंतु गंभीर शोध आलेख प्रकाशित करती थीं। 1903 से 1920 तक 'सरस्वती' का संपादन करने वाले महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कभी यह दावा नहीं किया कि 'सरस्वती' शोध पत्रिका है, किंतु उन्होंने कई गंभीर शोध आलेख उसमें प्रकाशित किए। जैसे 'सांख्यशास्त्र और उसके तत्व', 'कौटिलीय अर्थशास्त्र का रचना काल' और 'आर्य लोग कहां से आए' वस्तुतः शोध आलेख हैं। इसी तरह रामानंद चटर्जी द्वारा प्रकाशित और बनारसीदास चतुर्वेदी द्वारा संपादित 'विशाल भारत' के फरवरी, मार्च और अप्रैल 1931 के अंकों में ब्रजेंद्र नाथ बनर्जी ने 'हिंदी का प्रथम समाचार पत्र' शीर्षक लेख तीन किस्तों में लिखकर प्रमाण सहित यह प्रस्तुत किया कि 30 मई, 1826 को प्रकाशित 'उदंत मार्तण्ड' हिंदी का पहला समाचार पत्र है। उनके शोध आलेख छपने के पहले 1845 में निकले 'बनारस अखबार' को हिंदी का पहला समाचार पत्र माना जाता था।*



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के नियमानुसार पीएचडी शोध प्रबंध जमा करने के पहले शोधार्थी के दो शोध आलेखों का छपा होना आवश्यक है। शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए भी शोध आलेखों का प्रकाशन अनिवार्य है। पहले नियम था कि ये शोध आलेख यूजीसी केयर सूचीबद्ध पत्रिका में छपे होने चाहिए। अब उस नियम को शिथिल कर विशेषज्ञ समीक्षित शोध पत्रिका में छपना अनिवार्य कर दिया गया है। इस अनिवार्यता के बाद विभिन्न विषयों में विशेषज्ञ समीक्षित पत्रिकाओं की बाढ़ आ गई है। आइएसएसएन (इंटरनेशनल स्टैंडर्ड सीरियल नंबर) हासिल कर निजी उद्यम से छपने वाली इन पत्रिकाओं में अधिकांश अकादमिक दृष्टि से लचर हैं, किंतु पत्रिका के नाम के नीचे यह लिखने की ढिठाई करती हैं-विशेषज्ञ समीक्षित शोध पत्रिका।

ये पत्रिकाएं पैसे लेकर शोधार्थियों-शिक्षकों के शोध आलेख छापती हैं। इन पत्रिकाओं में छपकर शोधार्थी और शिक्षक उसका लाभ भी ले रहे हैं। इनमें कई पत्रिकाएं यूजीसी केयर में भी सूचीबद्ध हो गई थीं। अधिकांश पत्रिकाओं में शोध आलेखों का निम्न स्तर चिंताजनक है। अधिकतर शोध आलेखों में न विषय पर नया प्रकाश पड़ता दिखता है, न शोधार्थी के सम्यक विश्लेषण का पता चलता है। अधिकांश शोध पत्रिकाओं में भाषा का संस्कार अनुशासन गायब दिखता है। वर्तनी को लेकर अराजकता का आलम यह है कि एक ही पृष्ठ पर एक ही शब्द अलग-अलग ढंग से लिखा मिलता है। इन पत्रिकाओं में शब्दावली, वाक्य विन्यास और व्याकरण संबंधी न्यूनतम ज्ञान का सर्वथा अभाव दिखता है। जहां वर्तमान में हिंदी में शोध पत्रिका होने का दावा करने वाली पत्रिकाओं की यह पीड़क स्थिति है, वहीं अतीत में निकलने वाली कई पत्रिकाएं यह दावा नहीं करती थीं कि वे शोध पत्रिका हैं, किंतु गंभीर शोध आलेख प्रकाशित करती थीं। 1903 से 1920 तक 'सरस्वती' का संपादन करने वाले महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कभी यह दावा नहीं किया कि 'सरस्वती' शोध पत्रिका है, किंतु उन्होंने कई गंभीर शोध आलेख उसमें प्रकाशित किए। जैसे 'सांख्यशास्त्र और उसके तत्व', 'कौटिलीय अर्थशास्त्र का रचना काल' और 'आर्य लोग कहां से आए' वस्तुतः शोध आलेख हैं। इसी तरह रामानंद चटर्जी द्वारा प्रकाशित और बनारसीदास चतुर्वेदी द्वारा संपादित 'विशाल भारत' के फरवरी, मार्च और अप्रैल 1931 के अंकों में ब्रजेंद्र नाथ बनर्जी ने 'हिंदी का प्रथम समाचार पत्र' शीर्षक लेख तीन किस्तों में लिखकर प्रमाण सहित यह प्रस्तुत किया कि 30 मई, 1826 को प्रकाशित 'उदंत मार्तण्ड' हिंदी का पहला समाचार पत्र है। उनके शोध आलेख छपने के पहले 1845 में निकले 'बनारस अखबार' को हिंदी का पहला समाचार पत्र माना जाता था। दिल्ली से 1951 में शुरू हुई 'आलोचना' त्रैमासिक ने भी शोध पत्रिका होने का कभी दावा नहीं किया, किंतु प्रवेशांक में ही उसने 'भारतीय समाज का ऐतिहासिक विश्लेषण', 'शूद्रों की खोज', 'प्राचीन भारतीय वेशभूषा', 'संस्कृत के महाकाव्यों की परंपरा' और 'भारतीय आलोचना-पद्धति' शीर्षक से गंभीर शोध आलेख प्रकाशित किए। डा. कामिल बुल्के का प्रसिद्ध शोध आलेख 'रामचरितमानस का रचनाक्रम' 'आलोचना' के जुलाई 1953 के अंक में छपा था। इसी अंक में परशुराम चतुर्वेदी ने 'आलोचना और अनुसंधान' शीर्षक से शोध आलेख लिखकर बताया था कि भारतीय अनुसंधान पद्धति क्या रही है और पश्चिम से यह कितनी अलग और आगे रही है। परशुराम चतुर्वेदी के अनुसार अनुसंधान का काम किसी बात के उत्स तक जाने का प्रयास करना मात्र ही नहीं है, उसके बीज रूप से लेकर उसके विकास तक का परिचय प्राप्त करना, सजातीय वस्तुओं के साथ उसका तुलनात्मक अध्ययन करना तथा विभिन्न दृष्टिकोणों के अनुसार उसका उचित और वास्तविक स्थान निर्धारित करना भी उक्त प्रक्रिया के प्रमुख अंग हैं। इसी तरह 'नया प्रतीक' ने भी कभी शोध पत्रिका होने का दावा नहीं किया, किंतु अज्ञेय ने उसमें 'नृत्य का उद्गम', 'यूनानी लोक नृत्य की परंपरा', 'भारतीय ज्ञान प्रवाह का सनातन मूल्य' शीर्षक से गंभीर शोध आलेख प्रकाशित किए।

हिंदी में उन्नीसवीं शताब्दी में एक ऐसी त्रैमासिक पत्रिका जरूर निकली, जिसके संपादक मंडल ने बाकायदा घोषणा की कि वह शोध पत्रिका है। उसका नाम 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' है। उसका प्रवेशांक जून 1896 में निकला। लेख पहले नागरी प्रचारिणी सभा में पढ़े जाते थे। उसके बाद परीक्षक समिति उन पर विचार करती थी। परीक्षक समिति के विचारोपरांत संपादक लेखों का परीक्षण करता था। तब उसे छपने को भेजा जाता था। परीक्षक समिति की अनुमति के बिना कोई भी लेख पत्रिका में प्रकाशित नहीं हो सकता था।

इस पत्रिका ने नागरी लिपि और हिंदी भाषा के संरक्षण तथा प्रसार, हिंदी साहित्य के विविध अंगों के विवेचन, भारतीय इतिहास और संस्कृति के अनुसंधान, प्राचीन तथा अर्वाचीन शास्त्र, विज्ञान और कला के पर्यालोचन में बड़ी भूमिका अदा की।

# परस्पर निर्भर भारत और खाड़ी देश

*काम से जुड़ा भारतीयों का कौशल और भरोसा उन्हें इन देशों में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाता है। जितना खाड़ी के देशों को प्रवासियों की आवश्यकता है, उतनी ही उन्हें भी है, क्योंकि वे अपने देश को भारी मात्रा में धनराशि भेजते हैं। रेमिटेंस कही जाने वाली यह धनराशि इन देशों के वृहद आर्थिक स्थायित्व में संतुलन की भूमिका और बाहरी झटकों से बचाने में उपयोगी होती है। भारत के चालू खाते के लिए यह राशि बड़ा योगदान देती है, लेकिन मौजूदा हालात में पाकिस्तान के लिए यह अस्तित्व का संकट पैदा कर सकती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही नाजुक बनी हुई है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी रेमिटेंस की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। वृहद आर्थिक स्थिरता के अलावा खाड़ी देशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजे जाने वाला रेमिटेंस उनके स्वजनों के लिए भी बहुत आवश्यक है,*

संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के राष्ट्रपति रहे शेख जायद बिन मोहम्मद के निमंत्रण पर मई 1981 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस खाड़ी देश का दौरा किया था। करीब 45 वर्ष पहले हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने सहमति जताई थी कि खाड़ी क्षेत्र और भारत की सुरक्षा एवं कल्याण की कड़ियां आपस में जुड़ी हुई हैं। समय के साथ यह धारणा और मजबूत ही हुई कि दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा और समग्र कल्याण परस्पर निर्भर हैं। एक ऐसे समय जब ईरान युद्ध के चलते समूचे क्षेत्र में अशांति बढ़ने से पूरे समीकरण बदल गए हैं तो यह विचार और प्रासंगिक हो गया है।



अरब प्रायद्वीप में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, यूएई और ओमान जैसे छह प्रमुख देश हैं। यहां दक्षिण एशियाई देशों की बड़ी प्रवासी जनसंख्या रहती है। इनमें से भी सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिनकी तादाद नब्बे लाख से एक करोड़ के बीच है। पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों की संख्या भी पचास लाख से अधिक है। नेपाल और श्रीलंका के भी लाखों लोग यहां हैं। ये लोग इन देशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये लोग पेशेवर, कार्यकारी और प्रबंधकीय से लेकर अर्धकुशल और सामान्य श्रमिक जैसी भूमिकाओं में सक्रिय हैं। यह कहना एकदम सही होगा कि भले ही खाड़ी देशों में यूरोपीय प्रवासी भी रहते हों, लेकिन उनका काम दक्षिण एशियाई विशेष रूप से भारतीयों के बिना नहीं चल सकता।

काम से जुड़ा भारतीयों का कौशल और भरोसा उन्हें इन देशों में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाता है। जितना खाड़ी के देशों को प्रवासियों की आवश्यकता है, उतनी ही उन्हें भी है, क्योंकि वे अपने देश को भारी मात्रा में धनराशि भेजते हैं। रेमिटेंस कही जाने वाली यह धनराशि इन देशों के वृहद आर्थिक स्थायित्व में संतुलन की भूमिका और बाहरी झटकों से बचाने में उपयोगी होती है। भारत के चालू खाते के लिए यह राशि बड़ा योगदान देती है, लेकिन मौजूदा हालात में पाकिस्तान के लिए यह अस्तित्व का संकट पैदा कर सकती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही नाजुक बनी हुई है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी रेमिटेंस की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। वृहद आर्थिक स्थिरता के अलावा खाड़ी देशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजे जाने वाला रेमिटेंस उनके स्वजनों के लिए भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश परिवारों की योजनाएं इसी भेजी गई राशि के आधार पर टिकी होती हैं। उसके अभाव में उनके परिवारों का भविष्य अधर में भी लटक सकता है। रेमिटेंस के अलावा खाड़ी देश भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए तो खाड़ी देशों की महत्ता और भी अधिक है। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारत कच्चे तेल और गैस की आवश्यकताओं का आधे से अधिक हिस्सा इन देशों से आयात करता है, लेकिन उसने अमेरिका और यूरोपीय देशों जैसे अन्य स्रोतों से भी तेल आयात को विविधीकृत किया है। ये कुछ महंगे होंगे, लेकिन कम से कम उनकी उपलब्धता तो रहेगी। होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से बाकी दुनिया के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों की समस्याएं भी बढ़ी हैं। पाकिस्तान के लिए समस्या यह है कि उसे सऊदी अरब और यूएई से क्रेडिट यानी बाद में भुगतान के साथ भी तेल मिलता है, जो वह अन्य देशों से प्राप्त नहीं कर सकता। इसके चलते भुगतान की स्थिति में पहले से ही आर्थिक मुश्किलों से जूझ रही पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा। उर्वरकों की आपूर्ति में संभावित गतिरोध ने भी कृषि आधारित दक्षिण एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है। खाड़ी देश भारत के साथ ही अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। भारत का खाड़ी देशों के लिए निर्यात उसके कुल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है। ईरान युद्ध ने इसे प्रभावित किया है।

# सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक अनावश्यक मुकदमा दायर करने के लिए फटकार लगाने के साथ ही उस पर अर्थ दंड भी लगाया। केंद्र सरकार को यह फटकार सीआइएसएफ के एक अधिकारी को सेवा से हटाने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से दिए गए निर्णय के खिलाफ अपील दायर करने पर सुननी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि यह एक गैर जरूरी अपील थी। यह पहला ऐसा मामला नहीं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनावश्यक पाया हो और केंद्र सरकार को फटकारा हो, लेकिन हालात बदल नहीं रहे हैं। 2024 के एक आंकड़े के अनुसार लंबित मामलों में सात लाख से अधिक मामले वे



थे, जिन्हें केंद्र सरकार ने दायर कर रखा था। 2019 में ऐसे मुकदमों की संख्या चार लाख के करीब थी। इसका मतलब है कि सरकार धड़ाधड़ मुकदमे दायर करती है और एक तरह से अपने ही लोगों को अदालतों में घसीटती है। केंद्र सरकार की ओर से सबसे ज्यादा मुकदमे वित्त मंत्रालय ने दायर कर रखे हैं। इसके बाद मुकदमेबाजी में उलझे मंत्रालय क्रमशः रेलवे, रक्षा और श्रम हैं। यदि राज्य सरकारों की ओर से दायर किए जाने वाले मुकदमों का भी संज्ञान लिया जाए तो पता चलेगा कि कुल लंबित मामलों में 45 प्रतिशत से अधिक मुकदमे केंद्र और राज्य सरकारों के हैं। यह प्रतिशत बढ़ता ही जा रहा है। साफ है कि करोड़ों लंबित मामलों के लिए केवल अदालतें ही दोषी नहीं। यह तो नहीं कहा जा सकता कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से दायर किए गए सभी मुकदमे अनावश्यक होते हैं और जिनके खिलाफ वे दायर किए गए होते हैं, उनकी कहीं कोई गलती नहीं होती, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि सरकारें और विशेष रूप से उनका प्रशासन प्रायः छोटी-छोटी बातों को लेकर लोगों या संस्थाओं के खिलाफ मुकदमे दायर कर देता है। आम तौर पर जो अधिकारी मुकदमे दायर कराते हैं, वे कई बार केवल इसलिए ऐसा करते हैं, ताकि मामले विशेष का निपटारा करने में उन्हें अपना सिर न खपाना पड़े। कई बार वे अपने दायित्वों का नीर-क्षीर ढंग से निर्वाह करने के बजाय मामले को अदालत की चौखट तक पहुंचाने के लिए अधिक तत्पर रहते हैं। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट अतीत में यह टिप्पणी कर चुका है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दायर 40 प्रतिशत से अधिक मुकदमे तुच्छ होते हैं।

# दो सड़क हादसों में 4 लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को सुजानगढ़ छापर के बीच गुलेरिया गांव के पास मेगा हाईवे पर मोटरसाइकिल को पीछे से कार से टक्कर मारने के कारण बाईक 15-20 फीट उछल कर दूर जा गिरी। इस हादसे में विक्रम सिंह, अरबाज तेली, हसन तेली, निवासी वार्ड 20 सुजानगढ़ गंभीर घायल हो गए। जिनको होटल संचालक रामचंद्र जानू, मुकेश, धनराज, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, मनोज प्रजापत, अजय आदि की मदद से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। डॉ विजय बगड़िया, डॉ रामरतन बिस्सू आदि ने इलाज किया तथा विक्रम सिंह, अरबाज को ज्यादा चोट होने की वजह से हायर सेंटर ले जाया गया। कोतवाली पुलिस मौके ओर अस्पताल पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। दूसरे हादसे मे बुधवार रात गनोडा सारोठिया सड़क मार्ग पर जीएसएस के पास सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से सुजानगढ़ के हनुमान धोरा निवासी अख्तर हुसैन गंभीर घायल हो गए। जिनको बगड़िया अस्पताल लाकर इमरजेंसी मे भर्ती करवाया गया। सदर पुलिस थाने के एएसआई गिरधारी लाल मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।



# सरकारी स्कूल की बालिका रूपा कोचर के 95.4 प्रतिशत अंक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा के तीनों संकाय में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल किया गया। प्रींसिपल रणवीर महरिया ने बताया कि विज्ञान वर्ग में प्रथम रूपा कोचर 95.40 प्रतिशत, द्वितीय आदिल खींलजी 92.6, तृतीय कविता जाखड़ 82.4 प्रतिशत रहे हैं। इसी प्रकार प्रथम श्रेणी 18, द्वितीय श्रेणी 04 विद्यार्थियों ने प्राप्त की है। वहीं वाणिज्य वर्ग में प्रथम धवल गौड़ 83 प्रतिशत, द्वितीय गोपाल जांगिड, 64.4, तृतीय संजय 62.2 प्रतिशत रहे हैं। प्रथम श्रेणी 5, द्वितीय श्रेणी 7, तृतीय श्रेणी 01 विद्यार्थी ने प्राप्त की है। कला वर्ग में प्रथम सोनू लोरा 87.8 प्रतिशत, द्वितीय प्रदीप वैष्णव 68, तृतीय विकास बाबरिया 64.4 प्रतिशत रहे। जबकि प्रथम श्रेणी 9, द्वितीय श्रेणी 20, तृतीय श्रेणी 2 विद्यार्थियों ने प्राप्त की।



# मण्डावा में प्रतिभाओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को बोर्ड परीक्षा परिमाण में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 में छात्र आगंतुक पुत्र इंद्राज ने 95 .33' प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया एवं कक्षा 12 में विज्ञान वर्ग में आयुषी पुत्री अशोक कुमार ने 95.60' अंक प्राप्त कर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय टॉप किया व कला वर्ग में छात्र हिमांशी पुत्री रमेश ने 90.7 प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।इस प्रकार सर्वाधिक 18 विद्यार्थियों ने 90' अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। विद्यालय निदेशक हरलाल सिंह मोगा ने सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव सुभाष चंद्र मोगा, मोहर सिंह, महावीर सिंह, विजेंद्र, रोहित दास, मूलचंद, मूलचंद कालेर, राकेश , दयानंद कुल्हरी, महेंद्र कुल्हरी,संतोष डांगी, विकास, महेश, शंकर सिंह, नरेश, पंकज, राम अवतार, नदीम, तैयब, अशोक, विजेंद्र, शशिकांत, दीनदयाल, अशोक पूनिया, निशा, महिपाल, अनीता, मनोज, ज्योति आदि ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# वीर तेजाजी सहित विभिन्न देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** गांव दीनवा लाडखानी में गुरुवार को वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। साथ ही बालाजी महाराज, गणेश जी महाराज व शिव परिवार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। साथ ही गांव के मुख्य चौक से मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई डीजे ऊंट घोड़ियों से। मंदिर की भूमिदानदाता भागीरथ बुडानिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया। इस दौरान कैलाशनाथ महाराज रूकणसर, शिवनाथ महाराज भोजासर, फतेहपुर भाजपा नेता श्रवण चौधरी, सीकर पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, बागडोदा धाम योगीनाथ महाराज, शक्ति नाथ चौधरी, कैलाश कुल्हरी, आदित्य बुडानिया,हरदम बुडानिया, रणजीत कुल्हरी, इंद्राज बुडानिया, बजरंग लाल बुडानिया, समाजसेवी अमित मीणा बड़ी संख्या में ग्रामीण व आस पास गांवों के लोग मौजूद रहे।

# सादुलपुर में समर्थन मूल्य पर चना, सरसों व गेहूं खरीद केंद्र शुरू, 60 दिनों तक होगी खरीद

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** सादुलपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड में वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर चना, सरसों एवं गेहूं खरीद केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसके बाद समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र पर चना, सरसों व गेहूं की खरीद सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि चना की खरीद प्रति कृषक अधिकतम 40 क्विंटल (6.99 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) की सीमा में 5875 रुपए प्रति क्विंटल दर से होगी। इसी प्रकार सरसों की खरीद अधिकतम 40 क्विंटल (10.20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर) 6200 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं की खरीद अधिकतम 200 क्विंटल प्रति कृषक 2735 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। ख्यालिया ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए यह खरीद कार्य राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (राजफैड, जयपुर) के माध्यम से 1 अप्रैल से 30 मई तक कुल 60 दिनों की अवधि में संचालित किया जाएगा। किसानों को खरीद संबंधी सूचना एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी और उन्हें अपनी उपज विक्रय के लिए अधिकतम 15 दिनों का समय दिया जाएगा। निर्धारित समयावधि में उपज विक्रय नहीं करने पर अवसर समाप्त हो जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर व साफ-सुथरा कर ही खरीद केंद्र पर लाएं, ताकि तुलाई के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल पूनियां, वरिष्ठ संचालक अमरसिंह सांगवान, ताराचंद मीणा, रामकरण शर्मा, संदीप कुमार विन्दा, धर्मपाल मेघवाल, रणसिंह कस्वां, रणसिंह कामरेड, शीशराम दनेवा, बद्री प्रसाद जांगिड़, सुमेर पूनियां भामासी, लिखमी चंद चौपड़ा सहित अनेक किसान व नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही ठेकेदार इकबाल चौहान, कार्मिक रामकिशन ख्यालिया, राकेश पूनियां, भूप सिंह, सुरेंद्र सिंह, आजाद एवं छोटूराम सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी रही और समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया।



# मण्डावा कॉलेज में विजयोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा कॉलेज में गुरुवार को वाणिज्य संकाय की नियमित छात्रा सोनल तोलासरिया पुत्री रविशंकर तोलासरिया विश्वविद्यालय स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय गोल्ड मैडिलिस्ट बनी है। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से गोल्ड मैडिलिस्ट छात्रा के सम्मान में डीजे के साथ महाविद्यालय से मंडावा नगरपालिका चौक तक विशाल रैली का आयोजन कर विजयोत्सव मनाया गया। इस विजयोत्सव में कॉलेज सचिव राधेश्याम सैनी, कोषाध्यक्ष गोपाल केडिया, कॉलेज ट्रस्टी व समिति सदस्य शिवचरण गाडोदिया, समिति सदस्य गिरवर सिंह शेखावत, सज्जन लाल दीनवा, लक्ष्मी जांगिड़, महेश जोशी, मधुसूदन खेमानी तथा सनातन स्कूल का स्टॉफ व प्रधानाचार्य डॉ. विद्या पुरोहित व जीवराज सिंह आदि उपस्थित रहे। विजयोत्सव के दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ. वन्दना गौतम ने छात्रा को विश्वविद्यालय स्तर गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई देते हुए फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। विजयोत्सव रैली के दौरान मंडावा नगर बाजार में गोपाल केडिया एवं श्यामलाल केडिया ने मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इसके पश्चात् विजयोत्सव रैली के दौरान केसर टेलर एवं बाबुलाल कुमावत ने छात्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही राजकुमार सिंघानिया ने भी छात्रा को गुलदस्ता प्रदान कर सम्मान व स्वागत किया। रैली में महाविद्यालय कॉलेज स्टॉफ के व्याख्याता सद्दाम हुसैन भाटी, रीना हरितवाल, राजेश टांडी, पवन सैनी, महेन्द्र वर्मा, अनूप चौहान, रमेश शर्मा, रमेश सोनी, श्रवण कुमार, रामलाल, विकास आदि मौजूद रहे।




# 170 लोगों ने रक्तदान कर दी हवासिह सहारण को श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** क्षेत्र के निकटवर्ती गाँव गाजुवास की विद्या भारती पब्लिक स्कूल गाजुवास के संस्थापक हवासिंह सहारण की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव गाजुवास में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 170 लोगों ने रक्तदान किया। चूरू के भारतीय हॉस्पिटल व संजीवनी ब्लड बैंक की टीम ने शिविर में सेवाएं दी। आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने हवासिंह सहारण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर बजरंग सहारण, श्रवण सहारण, श्रवण गडाणा, पूर्व सरपंच मगनीराम गोस्वामी, रामावतार पांडिया, केदारमल पारीक, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सहारण, मनोज पांडिया, अनिल पारीक, कर्नल राकेश सहारण व शिवनारायण सहारण सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। च्यानणमल (सीएम) सहारण ने कार्यक्रम का संचालन किया। श्रवण गडाणा ने कहा यह आयोजन न केवल स्वर्गीय हवासिंह सहारण की स्मृति को समर्पित रहा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ।




# नए सत्र का शुभारंभ और टॉपर्स का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शहीद फारूक अहमद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमसर में सत्र 2026-27 का शुभारम्भ बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स के सम्मान के साथ- साथ गाजे- बाजे के साथ रैली निकालकर किया गया। इस विद्यालय की छात्रा एकता पुत्री विजय सिंह ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12वीं कला वर्ग में ब्लॉक मण्डावा के राजकीय विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समरीन पुत्री मोहम्मद रफीक 90 प्रतिशत, अफजल पुत्र अबदुल हमीद 90 प्रतिशत व दसवीं बोर्ड परीक्षा में मजमीन पुत्री मकसूद मोहम्मद व द्वितीय स्थान साजिया पुत्री मोहम्मद शमील रहे। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर गाँव के नागरिक व विद्यालय के तुलछाराम, विमला कुमारी उप-प्रधानाचार्य, नजमा बानो, रीना कुमारी संतोष वर्मा, सुनिल कुमार, लोकेश प्रेमी, ऊषा बुडानिया, सुनिता मील, ऊषा कुमारी, मंजू पारीक, चंदानी, मंजू पारीक, मोहम्मद शकील, शीशराम डारा, धर्मवीर सिंह, पवन कुमार, राजकमल, नरेश कुमार, दीपिका पारीक, पूनम कुमारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम चरण शुरु हो चुका है। जिसमें हाऊस ओल्ड सर्वे किया जिएगा व उसे 18 वर्ष तक के सभी बालक- बालिका जो अनमांकित, ड्राप आउट है उनको नामांकित करना व विद्यालय से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत के घरों में जाकर सर्व कर कार्य किया जाएगा। सभी ग्रामवासियों से इस कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की गई।



# वाणिज्य वर्ग में गौरव सैन 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की ओर से घोषित 12 वीं वाणिज्य संकाय परीक्षा परिणाम में विद्यलाय के गौरव सैन पुत्र सुरत प्रकाश ने वाणिज्य वर्ग में 95.00 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने गौरव सैन सहित 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने मेधावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं की। उन्होंने माध्यमिक परीक्षा में बने विद्यालय रिकॉर्ड को तोड़कर अप्रत्याशित व उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने पर धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थी अपना, अपने विद्यालय परिवार व देश का नाम रोशन करें। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी छात्र गौरव सैन ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबन्धन, शिक्षक टीम, माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद व कड़ी मेहनत है। गौरव सैन भविष्य में सी.ए बन कर देश सेवा करना चाहता है। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।



# आंगनबाड़ी केन्द्र पर महिला समूह बैठक कर जल संरक्षण को लेकर किया प्रेरित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नं-02 में गुरुवार को महिला समूह बैठक के माध्यम से जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए कहा कि जल है तो कल है, और हमें जल संरक्षण को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और जल का सदुपयोग ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकता है साथ ही रुहेला ने बताया कि इस योजना के तहत मंडावा शहर में जल आपूर्ति मीटरयुक्त और पर्याप्त मात्रा में की जा रही हैं। जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता घट रही है और जल संसाधनों की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। यदि हमने अभी जल का संरक्षण नहीं किया, तो भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक गंभीर समस्या बन जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं से आग्रह किया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। ठोस कचरा नगरपालिका की ओर से संचालित घर-घर कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शारदा सैनी, सहायिका गोदावरी सैनी, एएनएम पुनीता तथा मैसर्स एल.एन.ए. आर एण्ड बी (जेवी) के सोशल आउटरीच टीम के संदीप स्वामी सहित स्थानीय महिलाएं उपस्थित रही।




# उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा-2025 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर की ओर 5 अप्रैल व 6 अप्रैल को जयपुर जिले में 199 परीक्षा केंद्रों पर उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर प्रतियोगी परीक्षा- 2025 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा समन्वय व अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि दो दिनों में 2–2 पारियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में जयपुर के 199 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1 लाख 49 हजार 716 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उन्होने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू व सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट, जयपुर के कक्ष नं0 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 3 एवं 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 5 अप्रैल एवं 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 71–71 उप समन्वयक एवं 38–38 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा की शुचिता व निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा केन्द्र पर गहन सुरक्षा जांच की जाएगी। इस संबंध में सभी अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। महिला परीक्षार्थियों को लाख अथवा कांच की पतली चूड़ियों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के आभूषण पहनकर परीक्षा केन्द्र पर आने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही किसी भी परीक्षार्थी को घड़ी, धूप का चश्मा, बेल्ट, हैंड बैग, हेयर पिन, गंडा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल अथवा मफलर जैसे वस्त्र या सामग्री पहनकर या साथ लाकर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होने बताया कि ड्रेस कोड के तहत पुरुष अभ्यर्थियों को आधी आस्तीन की शर्ट/टी-शर्ट/कुर्ता, पेंट अथवा पायजामा तथा हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। इसी प्रकार महिला अभ्यर्थियों को सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तीन का कुर्ता या ब्लाउज, हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर आना होगा तथा बालों में केवल साधारण रबर बैंड का ही उपयोग करना होगा। सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी जैसे उनके धार्मिक प्रतीकों के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

# स्वामी दिल्ली में होंगे सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सामाजिक कार्यकर्ता व गांव बरड़ासर निवासी गणेशदास स्वामी को 5 अप्रेल को ग्रेटर नोएडा में समाज कल्याण फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से प्रिन्स इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी सभागार में 8 वें राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। स्वामी पिछले 35 वर्षों से समाज सेवा से जुड़े है और राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, मेंनशा मुक्ति, वृक्षारोपण, नेत्रदान, रक्तदान, कोरोना, अंगदान व देहदान के प्रेरक के रूप में योगदान दे रहे हैं। समाज कल्याण फैडरेशन ऑफ इंडिया गाजियाबाद की ओर से इनकी निःस्वार्थ सेवाओं के लिए इनका चयन राष्ट्र गौरव सम्मान के लिए किया गया है।



**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in
Date : 30-03-2026
**Notice Inviting Bid**
Bids for of Dog vaccination work invited from interested bidders upto 11:30 AM 09-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2526SSRC40895
Raj.Samwad/C/26/156
Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

# हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जगह जगह धार्मिक आयोजन


लक्ष्मणगढ़।


जाजोद


बिजौलियां।


चूरू।


चूरू।


चूरू।


चूरू।


चूरू।


सुजानगढ़।


विराटनगर।


मण्डावा।


राजलदेसर।


चौमूं।


राजलदेसर।

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़।** खेल से ही अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। 'जीत या हार से बड़ा आपका प्रयास और समर्पण है। इसी जुनून और मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही बड़े मंचों पर सफलता हासिल करेंगे।' उक्त विचार हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर चौकान स्थित बालाजी महाराज के सानिध्य में आयोजित 'सदाबहार खेलकूद महोत्सव' के उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए।विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मलखंभ खिलाड़ी माधव जोशी ने मशाल प्रज्वलन के बाद गौरव परिक्रमा कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के तहत आयोजित कब्बड्डी प्रतियोगिता में बाला का बास और सिंगोदड़ा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें बाला का बास विजेता और सिंगोदड़ा उपविजेता रहा। इसके अलावा तीन वर्गों में फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। रस्साकशी प्रतियोगिता में सदाबहार मोहल्ला लोकनृत्य विकास समिति और कला स्पोर्ट्स के बीच तीन राउंड तक रोमांचक मुकाबला चला, जिसमें सदाबहार मोहल्ला लोकनृत्य विकास समिति विजेता रही।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमावत, अरावली इंडस्ट्रीज मुंबई के दिनेश सोमानी, विप्र कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य पवन शर्मा, नंदीशाला के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, बगड़िया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम मिश्र व मनोज मिश्र बतौर अतिथि उपस्थित रहे। अरावली इंडस्ट्री की ओर से खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। साथ ही मुख्य प्रबंधक सोमानी ने राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता कराने की घोषणा की।इससे पूर्व शारीरिक शिक्षक विमल पारीक, महेंद्र बगड़िया, नेमीचंद कटारिया, रामस्वरूप सैनी, राजेश शर्मा, सुरेश दायमा, सज्जन जांगिड़, दिलीप कटारिया व अंजनी पारीक का सम्मान किया गया। अंत में सदाबहार लोक नृत्य विकास समिति के संरक्षक पवन बोहरा, अध्यक्ष कमल व्यास, सुदेश व्यास, जतिन सोनी, दिव्य प्रकाश चोमाल, श्याम पाराशर, धर्मेंद्र महरिया, मनीष टेलर, एस एन सैनी, राकेश सैनी, विनेश पारीक, शशांक जोशी, मनोज सेन, बाबूलाल सुरोलिया, रवि चौमाल, रवि जांगिड़, अश्विन पारीक, नितेश सोनी, प्रदीप पारीक एवं उनकी टीम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दूध, ठंडाई व प्रसाद का वितरण किया गया और कार्यक्रम संयोजक संदीप नेता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**जाजोद** ग्राम पंचायत ढाल्यावास स्थित बालाजी मंदिर में 22वां श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे और भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। पुजारी अमृत कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। भक्त बालाजी महाराज के दर्शन कर परिवार में सुख समृद्धि के कामनाएं कर रहे थे। वही रात्रि में सुप्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गणेशजी, राधा कृष्ण, सुदामा, शिवाजी, काली माता, भेरुजी, सीतामाता और बालाजी महाराज की आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व, 1 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई और अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वही ग्राम पंचायत मलिकपुर के राजस्व ग्राम ज्ञानपुरा स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी ज्ञानपुरा बालाजी धाम पर हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी गजानंद शर्मा बावड़ी ने बताया कि जन्मोत्सव से पूर्व 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। पाठ की पूर्णाहूति के बाद गुरुवार को सुबह मंदिर परिसर में विशेष हवन एवं पूजन संपन्न हुआ। हनुमान जन्म के शुभ मुहूर्त पर विशेष आहुतियां अर्पित की गईं। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर का फूलों और केसर से आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिससे पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में डूब गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने बालाजी के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बालाजी की विशेष आरती की गई। इसके पश्चात छप्पन भोग अर्पित किया गया। आरती और भोग के उपरांत, उपस्थित श्रद्धालुओं को लड्डू प्रसाद वितरित किया गया।

**बिजौलियां।** हनुमान जयंती का पर्व कस्बे समेत क्षेत्र में हर्षोल्लास व श्रद्धा से मनाया गया।नगरपालिका चौक स्थित संकट मोचन बालाजी, हणुत बालाजी, छाई बाई के बालाजी, इंदिरा कॉलोनी चौराहे व देव डूंगरी स्थित हनुमान मंदिर व बनी के बालाजी मंदिरों में सजावट कर बालाजी की प्रतिमाओं को सिंदूर का चोला चढ़ा आकर्षक श्रृंगार किया गया। सभी हनुमान मंदिरों पर श्रीरामचरितमानस, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ व हवन किए गए। दिन में 12 बजे महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया।हणुत बालाजी में रात्रि में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ।

**चूरू।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर उदासर मठ के महंत दयानाथ जी महाराज के सानिध्य में भालेरी रोड स्थित ओटीसी होटल में समाज के गणमान्य लोगों ने सुंदरकांड का संगीत मय पाठ कर बालाजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।गोपाल महाराज और नरेंद्र काछवाल ने सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवि पूर्व सरपंच मोहनलाल आर्य ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हनुमान जी महाराज के इस जन्मोत्सव पर आप सभी महानुभावों के सानिध्य में सुंदरकांड का संगीत मय पाठ का आयोजन करने का उद्देश्य विश्व में भारतीय परंपरा और संस्कृति के अनुसार लोकहित की कामना करना है । जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य ने सभी का आभार जताते हुए कहा की ओटीसी रेस्टोरेंट का उद्घाटन आज हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर किया गया है आप सभी का आशीर्वाद और बालाजी महाराज की कृपा से हम अपने इस प्रतिष्ठान में उचित और श्रेष्ठ खाद्य पदार्थों का प्रयोग करते हुए कार्य करेंगे। अपने आशीर्वचन में दयानाथ जी महाराज ने कहा हनुमान जन्मोत्सव भारतीय परंपरा के अनुसार बहुत बड़ा पर्व माना जाता है और इस अवसर पर आप सभी की उपस्थिति से यह पर्व और भी सुंदर बन गया है इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत फतेह चंद सोती प्रधान दीप चंद संजय कसवा ,सीताराम लुगरिया, नारायण बालन पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया राजकुमार सियाग नौरंग शीलू जितेंद्र शर्मा डॉ मोहन पुकार डॉक्टर एहसान गोरी डॉक्टर आनंद प्रकाश, मोटाराम सुरेंद्र सुनील मेघवाल संदीप लुगरिया, सरपंच बिहारी रायपुरिया शंकर लाल प्रजापत हरिराम चोपड़ा विनोद सैनी राकेश टालनिया नीरज जांगिड़ कमल सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**चूरू।** शहर के निकटवर्ती ग्राम श्योपुरा बालाजी धाम में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई। पुजारी हरिचरण शर्मा ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जागरण में चूरू के गायकार डॉ. सुशील हारित ने महाराज गजानंद आओ, म्हारी सभा में रंग बरसाओ, वीर बजरंगी मुझे तेरा ही सहारा है, चंचल नाथ टीला झुंझुनूं के महंत ओम नाथ महाराज व विचारनाथ महाराज ने श्री बालाजी ने लाड लडावै माता अंजना सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। पुजारी हरिचरण ने पांवों में घुंघरू बांध के नाचै व अंजनी के लाला सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दी। गायकार सांवरमल कत्थक, मोलीसर के कृष्ण कुमार ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। जागरण में राधे आर्ट ग्रुप आदमपुर हरियाणा के कलाकारों ने राम दरबार, बाहुबली हनुमान, मयूर नृत्य की सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में रामपुरा बेरी, कीरताण, हरियाणा, सादुलपुर, रामसरा, खासोली, रतन नगर, फतेहपुर, जयपुर, बिसाऊ, चूरू, तारानगर, सरदारशहर, मोलीसर, रतनगढ़ सहित बड़ी संख्या में आस-पास के श्रद्धालु उपस्थित थे। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रमोद पुजारी, महावीर पुजारी, मयंक पुजारी, भव्य शर्मा, योगेश शर्मा, कमल शर्मा, राधे शर्मा, पंकज, गोपाल, दीनदयाल, भोलाराम सैनी, हीरालाल माली, छोटूराम सैनी, उत्तम कुमार बील, विष्णु भाटी, नारायण भाटी, श्याम मंदिर के पुजारी भोलाराम काछवाल, झारिया धाम के महंत आकाश नाथ महाराज, पवन कुमार सैनी पूर्व सरपंच आदि ने आयोजकीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन मुरारी लाल ने किया। पुजारी हरि शरण शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**चूरू।** शहर के निकटवर्ती कस्बें रतननगर के वार्ड 8 स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर में चैत्र पूर्णिमा पर तीन दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। झिकनाड़िया परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मणगढ़ की सुन्दकांड समिति की ओर से बुधवार को भव्य संगीतमय सुन्दकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकार नानू सहल, गोपाल चोटिया, मनसुख सहल, मनोज झिकनाडिया, जगदीश पिचलंगियां ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में गायकारों ने कीर्तन की है रात, बाबा आज थानै आणो है, बालाजी ने लाड़ लडावै माता अंजना, छम-छम नाचै देखों वीर हनुमाना...... सहित अनेक भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। इस दौरान हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर झिकनाडीया परिवार और नगर वासियों की तरफ से वीर हनुमान मंदिर में निशान ध्वज चढ़ाया गया। इससे पूर्व फतेहपुर के कलाकारों ने बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर जुगल किशोर, अशोक कुमार झिकनाडीया, विनोद कुमार, सुशील कुमार, ओमप्रकाश, रामनिरंजन, महावीर प्रसाद, मनोज कुमार, पवन, मनोहर सेवदा, हनुमान पिचलंगिया, इंद्र चोटिया, राजेंद्र, राजेश, रामावतार, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, विनोद कुमार, विवेक, आकाश, राजकुमार, नरेंद्र, किशोर मनीष, गौरव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**चूरू।** हनुमान मंदिर विकास समिति रेलवे कॉलोनी चूरू की ओर से चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बुधवार रात्रि को मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और गुरुवार को हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान विक्रम सिंह सांखला, राजेश गौतम, शशांक शर्मा व राजीव सोनी ने सपत्नीक यज्ञ में आहुतियां देकर अंचल में सुख-समृद्धि की कामना की गई और इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने बालाजी महाराज का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**चूरू।** सातड़ा कॉलोनी स्थित धोली सती दादी मंदिर में बुधवार को हनुमान जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर की फुलों से भव्य सजावट की गई। विद्यानाथ महाराज ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। चुवास धाम के निश्चलनाथ महाराज ने सियाराम जानकी बैठे हैं मेरे सिने में, छम-छम नाचै देखो वीर हनुमाना, रूकनसर धाम के गुलाबनाथ महाराज ने जो ना उतरै तीन ताल में दिन-दिन हौत, धुणों तपह रामको, बालाजी ने लाड़ लड़ावै माता अंजना, विकासनाथ महाराज ने श्रीराम भजते जा, भोला भांग धतुरा खावे जैसे एक से बढ़कर एक भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व सातड़ा परिवार के जगदीश प्रसाद, विजय कुमार सातड़ेवाला, विष्णु कुमार, कमल कुमार, राजकुमार, जगन्नाथ, मोंटू, सुनील कुमार, लालचंद, छगन व प्रमोद कुमार ने आये हुए सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर गोविंद बगड़िया, राजकुमार चौबे, इंद्र पुरोहित, राजेंद्र ठठेरा, हरी मोहता गोविंद महनसरिया, रणजीत सातड़ेवाला, रामावतार लोहिया, मनफूल चौधरी, महेश मेहरीवाला, धर्मदत्त नागवान, वैद्य राजेश, श्योराण भाटी सहित बड़ी संख्या में शहर के महिला-पुरुष उपस्थित रहे। विजय कुमार सातड़ेवाला ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**राजलदेसर।** कस्बे में विभिन्न मन्दिरों में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर, पुनरासर हनुमान मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर ढाणीबास, वीर बुगली बालाजी सहित सभी मन्दिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर सजावट की गई। भजन प्रस्तुति, सुन्दर काण्ड का आयोजन हुआ। कस्बे के प्राचीन मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में भी पुजारी राजूराम के सानिध्य में भक्तजनों ने हवन कर सुख समृद्धि की कामना की। जिसमें सैकड़ों मेहन्दीपुर बालाजी की भक्त मौजूद रहे।

**सुजानगढ़।** हनुमान जयंती पर श्री वेंकटेश्वर मंदिर में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने तिरूपति बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि सुजानगढ़ शहर सहित दिल्ली, हरियाणा व आस-पास के अनेक गांवों व कस्बों और शहरों के श्रद्धालुओं ने मंदिर पंहुच कर तिरूपति बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर पुजारी अशोक कुमार, पुजारी नवरतन और पुजारी दिलीप शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। अनेक श्रद्धालुओं ने अपनी गौत्र पूजा भी संपन्न करवाई। तिरूपति बालाजी के दर्शनों के दौरान श्रद्धालुओं का आस्था और भक्ति के साथ उत्साह अपने पूरे चरम पर नजर आ रहा था। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधार्थ मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई। मंदिर के व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हरिराम शर्मा, अशोक कुमार उपाध्याय, पुजारी नवरतन शर्मा, पुजारी दिलीप कुमार, मुकुन सिंह, नरेन्द्र सिंह, पवन कुमार, चंपालाल माहेश्वरी, बजरंगलाल, शिवभगवान, लालचंद नाई ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। ज्ञात रहे कि हनुमान जयंती पर श्री वेंकटेश्वर मंदिर से ध्वज यात्रा रवाना हुई, जो होली धोरा स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पहुंची।

**राजलदेसर।** कस्बे के श्री अंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव व हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सन्त श्रीशिरोमणी सतगुरू मोहनदास जी के परम शिष्य बाबा भक्त हनुमान जी पारीक के आर्शीवाद से गुरू माता विमला देवी के सानिध्य ने पुजारी परिवार व अंजनी माता बालाजी ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में रात्री में राजस्थान के विख्यात भजन गायक योगी शर्मा एण्ड पार्टी सीकर की ओर से रात्री में बालाजी महाराज, गुरू की महिमा की सुन्दर प्रस्तुति दी। सुबह पुजारी परिवार के राधेश्याम पारीक, बजरंग पुजारी, अंकित पुजारी, मोहित पुजारी, मनोज पुजारी ने बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा की महाज्योत का आयोजन किया गया। उसके बाद सवा ग्यारह बजे से महाप्रसाद व भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों महिला पुरूष ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बहार से पधारे अरूण सर्राफ करण सरार्फ, मोहित गुप्ता, रेणु सरार्फ, पियुष जैन, प्रिती जैन, मनोज पारीक पुजारी संकटमोचन, डुगरमल पारीक, सन्तोष पारीक, राकेश, सन्नू पारीक, लक्ष्मी पारीक, कृष्णा पारीक, खुश्बू पारीक, सुनिता, पारीक, राम, राजा पारीक पवन पुजारी, सौरभ, सक्षम, गोतम, रिषभ, प्रियंका,साक्षी,पलक सहित पुजारी परिवार व भक्तगण मोजूद रहे।

**विराटनगर।** बागावास अहिरान स्थित नव जिन्नौद्धार मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन महाराज श्री श्री 1008 श्री ओमकार दास जी के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।इस दौरान हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। पूजा के पश्चात भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।महाराज ओमकार दास जी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का दौर चलता रहा, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**चौमूं।** भगवान राम के सेवक और परम भक्त, परम वीर और महाबली, समस्त सद्गुणों के साक्षात् भंडार, अष्ट सिद्धियों और नव निधियों के स्वामी, तथा ज्ञान के असीम भंडार हनुमानजी का जन्मोत्सव हर गली मोहल्लों के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया व भगवान का अभिषेक किया गया और उन्हें नवीन चोला पान और मिष्ठान का भोग लगाया गया।

मंदिरों में सुन्दर कांड के पाठ व भजन होते रहे। सिद्धपीठ वीर हनु?मान धाम पर्वत (सामोद) में हनुमानजी को 108 औषधियों युक्त जल से अभिषेक किया गया। चोला चढ़ाया गया व भगवान का फूलों से झुगार किया गया और महन्त जगत गुरु अवध बिहारी देवाचार्य ने आरती उतारी मंदिर परिसर में दिनभर भजनों व सुंदर काड़ हनु?मान चालीसा पाठों से गुंजायमान रहा। हनुमान जयंती के अवसर पर यहां श्रद्धालुओ के जत्थे के जत्थे दर्शनों के लिए आते रहे, हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हनु?मानजी द?र्शन किए। भगवान हनुमानजी श्रीराम के सबसे ज्यादा प्रिय है और हम लोग उनकी पूजा से सब कुछ पा लेना चाहते है इसमें कोई शंका नहीं किया जाता श्रद्धा एवं विश्वास के साथ की गई पूजा से सब कुछ मिलता है।

ऐसा ही हनुमानजी की पूजा अर्चना का प्रमुख स्थान है। श्री वीर हनुमान धाम पर्वत (सामोद) जहां हनुमान जी जल्दी ही प्रसन्न होकर हम सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते है राजस्थान प्रदेश के जयपुर जिले अंतर्गत नांगल भरड़ा व सामोद पर्वत की श्रृंखला में श्री वीर हनुमानजी का एक सिद्ध पीठ है जहां लाखों नर नारी उनकी जागग्रत कृपा अनुभव करते आए है। राजा रंक, गरीब, अमीर छोटा बडा, ऊंच नीच सभी के लिए वीर हनु?मान धाम पर्वत के द्वार खुले हैं। प्रतिदिन यहाँ श्रद्धा और भक्ती की नर्मल मदाकिनी प्रवाहित होती देखी गई। दर्शन कर बाबा पर मात्था टेककर अपनी मन्नते मांग रहे थे सुबह चार बजे मन्दिर के पट खोले गए तब से शुरु हुआ भक्तों के हनुमानजी के दर्शनों का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर मंदिर में भव्य छपन्न भोग अर्पण किया एवं रात्री को जागरण, भजनों की प्रस्तुतियों से सैकड़ो पद?यात्री दर्शनार्थ आए हनुमान जी कलियुग में तत्काल फल देने वाले देवता है। जगत गुरु अवध बिहारी देवाचार्य ने बताया कि हनुमान जयन्ती को लेकर दो मत है-चैत्र पूर्णिमा के अलावा दीपावली से पूर्व चतुर्दशी को भी हनुमान जयंती मनाने का प्रचलन है। वही दूसरी और शाम को धोलीमण्डी हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में 17 झाँकिया बैंड बाजे और हाथी, घोडो के भारी लबाजमें के साथ निकाली गई शोभायात्रा का मार्गो से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में स्त्री, पुरुष बच्चों के साथ हजारो लोग शामिल रहे।बोर हो गया।मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का दौर चलता रहा, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**मण्डावा।** उपखण्ड मुख्यालय मण्डावा में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। सुबह से ही श्रद्धालु प्रसाद व पूजा सामग्री लिए हनुमान जी के मंदिरों में वंदना व पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे थे। झुंझुनूं रोड़ स्थित हनुमान मन्दिर में संगीतमय रामायण का पाठ में भारी संख्या में भक्त पहुंचे। हनुमान जयंती को लेकर नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उल्लास नजर आया।हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभु हनुमान की आरती हुई। इस मौके पर कस्बे का हृदय स्थल सुभाष चौक स्थित प. राधाकृष्ण मुरलीधर ढण्ढ की हवेली से झुंझुनूं रोङ स्थित ढण्ढों के बालाजी मन्दिर तक ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। ढण्ढो के बालाजी मन्दिर सोसायटी प्रमुख भास्कर शर्मा, राजेन्द्र सनोदिया, उमा हेमाणी, सरोज सिंघानिया, सन्जू सैनी सहित सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। दी। ध्वज यात्रा के बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

प्राचीन गढ़ वाले हनुमान मन्दिर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक, सुषमा पारीक की अगुवाई में भक्तों ने शुभ मुहूर्त प्रभु हनुमान की पूजा अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। इसके अलावा विभिन्न हनुमान मंदिरों में लोगों ने किया पूजा।

भक्तों की ओर से पीपल के पत्तों पर श्रीराम लिखकर भी प्रभु को अर्पित किया जा रहा था। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और भक्ति मय वातावरण देखने को मिला। मण्डावा में स्थित विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना आरंभ हो गई थी। इस दौरान दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहा। हवन पूजन के बाद भंडारे और प्रसाद वितरण हुआ। वार्ड 4 वाले हनुमान मंदिर, जाल वाले बाला जी मन्दिर सहित मंदिरों में भी पूजा अर्चना का कार्य चल रहा था। नगर के अन्य मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। बाजीसर स्थित मंदिर के प्रांगण में चल रहे पंचकुंडीय अद्वैत अद्वैत महायज्ञ व हनुमान जन्मोत्सव में गंगा आरती प्रस्तुत की गई।

# भगवान श्री रणछोड़ की भव्य शोभायात्रा, शहर कृष्णमय; श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब भगवान श्री रणछोड़ की प्रतिमाह आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा धूमधाम से सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे शहर को कृष्णमय बना दिया। श्री रणछोड़ धाम विकास समिति के तत्वावधान में हर महीने की पहली तारीख को आयोजित होने वाली यह शोभायात्रा गंगाबाई की बगीची से प्रारंभ हुई। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन काली माई मंदिर पहुंची, जहां भगवान श्री रणछोड़ प्रभु की आरती के साथ समापन हुआ। समिति के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि धौलपुर की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की रणछोड़ लीला से जुड़े इस पावन धाम के विकास और इसे श्रीकृष्ण सर्किट में शामिल कराने के लिए समिति लगातार प्रयासरत है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद रावत ने बताया कि धौलपुर को रणछोड़ नगरी के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यहां भगवान श्रीकृष्ण ने कालयवन राक्षस से युद्ध छोड़कर रणछोड़ स्वरूप धारण किया था। यह ऐतिहासिक लीला मचकुंड धाम (तीर्थराज मुचुकुंड) से जुड़ी हुई है, जो जिले की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। समिति के महामंत्री हरीबाबू ने कहा कि प्रतिमाह आयोजित यह शोभायात्रा युवा पीढ़ी को धार्मिक संस्कारों से जोड़ने और शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, सहयोग और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

**गायन-वादन से सजी भक्ति की महफिल:** शोभायात्रा के दौरान विख्यात लोकगायक रोशन मस्ताना ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उनके मधुर गायन पर श्रद्धालु झूम उठे।

**ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**

इस अवसर पर उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन जैन, ऋषि मित्तल, दीपक गोयल, ओमप्रकाश कोली, त्रिवेंद्र सिंहल, अशोक कुलश्रेष्ठ, मुकेश गुर्जर, महेश जाटव, केशव सक्सैना, भीकम सिंह, महेश मंगल, मनोज अग्रवाल, सुनील कोठारी, दुर्गाशरण दुबे, उमेश सिंहल व राजकमल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मकराना सदर बाजार में गंदगी से लोग परेशान, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर के मुख्य सदर बाजार क्षेत्र में नगर परिषद की लापरवाही के चलते आमजन और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में प्रतिदिन कचरे के ढेर लगे रहने से वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों के अनुसार नगर परिषद का कचरा उठाने वाला वाहन प्रातः 10 बजे से पहले नहीं पहुंचता, जिसके कारण सुबह के समय लंबे समय तक कचरा सड़क पर पड़ा रहता है। इससे बाजार में आने वाले लोगों को दुर्गंध और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है। सदर बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाली सब्जी मंडी के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सब्जियों के आसपास फैली गंदगी और दुर्गंध से स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं तथा खाद्य सामग्री के संक्रमित होने की आशंका बनी रहती है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद में शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे व्यापारियों और आमजन में रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल के भोम सिंह, जावेद खिलजी, शेरू भाटी सहित अन्य व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि कचरा उठाने का समय प्रातः शीघ्र निर्धारित किया जाए तथा सफाई व्यवस्था को नियमित और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## सरस्वती विद्या विहार स्कूल के टॉपर्स का निकाला विजय जुलूस




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सरस्वती विद्या विहार सीनियर सैकंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा सत्र 2025- 26 का उत्कृष्ट परिणाम रहा, इसके उपलक्ष्य में विजय जुलूस निकाला गया। यह विजय जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो थाना मोड , धोली मंडी, सुभाष सर्किल ,रेलवे स्टेशन रोड होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण पहुंचा। इस दौरान कला वर्ग से टॉपर रही छात्रा अनुष्का शर्मा 95प्रतिशत, अंबिका डागर 94 प्रतिशत, मानसी जांगिड़ 91प्रतिशत व कक्षा 10 में विद्या सैनी 97 प्रतिशत, मनीषा कुमावत 9 प्रतिशत, आशुतोष सैनी 95 प्रतिशत के साथ अव्वल रहे। अव्वल रहे छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिसर में सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक राजेंद्र यादव, प्रधानाचार्य कैलाश गोरा, विद्यालय प्रबंधक कैलाश यादव, सरस्वती इंटरनेशनल की प्रधानाध्यापिका सुमन यादव, अशोक गरेड, हरीनारायण चौधरी, गोपाल कृष्ण यादव, महेंद्र पिपलोदा, रवि भाटिया, हरफूल सिंह चौधरी, सुरेश मानावत, सीमा चतुर्वेदी, ममता जितरवाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## झीडा के बालाजी महाराज के वार्षिक मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती बजरंगपुरा स्थित झीडा के बालाजी महाराज के वार्षिक मेले का भव्य आयोजन गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मेले में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के पुजारी महंत सांवरमल व्यास व पंडित सोहनलाल व्यास के सानिध्य में किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने बालाजी महाराज के दर्शन कर निशान चढ़ाए और सुख-समृद्धि व अमन-चैन की कामना की। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कार्यवाहक थानाधिकारी जयराम के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। वहीं बजरंग युवा उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। डफ-धमाल की गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं पारंपरिक कुश्ती दंगल ने लोगों का खास आकर्षण खींचा। वर्षों पुरानी परंपरा को निभाते हुए आयोजित इस दंगल में पहलवानों ने दमखम दिखाया। दंगल की प्रमुख कामड़े की कुश्ती 3100 रुपए की रही, जिसमें बांसपहाड़ी के पहलवान सचिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 6 से

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सेठ आर.एल.सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय कालाडेरा में भूगोल विषय की स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 06.04.2026 से 8.04.2026 तक प्रातः 10 बजे आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जय भारत सिंह ने बताया कि भूगोल विषय में विभाग की ओर से तृतीय सेमेस्टर में कुल 17 बैच के 323 नियमित विद्यार्थियों तथा पंचम सेमेस्टर के 19 बैच के 362 नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा संचालित की जा रही है जिसके लिए महाविद्यालय की ओर से आवश्यक व्यवस्थायें कर ली गई हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. बी.सी. जाट ने बताया कि स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी अपना परिचय पत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र तथा सम्बन्धित सेमेस्टर की फाईल आवश्यक रूप से साथ लेकर आए।

## निकिता को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** बारहवी बोर्ड परीक्षा कला संकाय में मोरीजा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा निकिता मीणा पुत्री सुनील कुमार मीणा को 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार ने माला व साफा बँधवाकर बधाई दी। विद्यालय की शिवानी चौधरी पुत्री रामेश्वर लाल जाट ने 89.6, कोमल सैनी पुत्री गोवर्धन लाल सैनी ने 87, सीमा स्वामी पुत्री जोगेंद्र स्वामी ने 86.6, सोनू शर्मा पुत्री बाबू लाल शर्मा ने 86.2, कृष्णा सैनी पुत्री मोहन लाल सैनी 85.6 , नैना सैन पुत्री सांवर मल सैन ने 85.6 , तनीषा मीणा पुत्री बुद्धि प्रकाश मीणा 85.4 ने प्राप्त कर अपने माता पिता व गुरुजनों व ग्राम को गौरवान्वित किया हैं। प्रधानाचार्य प्रकाश मानावत व उप प्रधानाचार्य मुकेश मीणा ने बताया कि विद्यालय का शत प्रतिशत परिणाम रहा हैं। उन्होंने विद्यार्थियों, स्टाफ व अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी हैं ओर 43 विद्यार्थियों में 37 प्रथम व 6 दितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आगाज विद्यालय के सभी विद्यार्थियो व नव प्रवेशित बालक - बालिकाओ का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर की गई और सभी अभिभावकों से अपील की हैं सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए अपने बच्चो को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलवाएं। इस दौरान प्रधानाचार्य मन फूली देवी, उप प्रधानाचार्य भुवनेश मीणा, जगदीश प्रसाद शर्मा, शंभु दयाल शर्मा, कालू राम जाट, मुकेश जाट, निधि कांवत, तरूणा यादव, विक्रम मीणा, सांवर मल जड़वाल, रवि कुमार, सांवर मल सेरावत, कमला मीणा, सुनीता प्रभाकर, निर्मल कंवर, प्रेम शर्मा, विजय सिह, रोहिताश कुलदीप,अंशु शर्मा, त्रिलोक शर्मा आदि मौजूद रहे

## सरकारी सीमेंट के दुरुपयोग का मामला!

## नॉट फॉर सेल' लिखे 50 कट्टे पुलिस ने किए जब्त, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित देर रात कार्रवाई से मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** दौलतपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांगल पुरोहितान के रामल्ल्यावाला गांव में विकास कार्यों के लिए आई सरकारी सामग्री के कथित दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए 'नॉट फॉर सेल' अंकित करीब 50 सीमेंट के कट्टों को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार, जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत मिली थी कि पंचायत क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए आई सीमेंट का उपयोग निजी निर्माण में किया जा रहा है। सूचना मिलते ही दौलतपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक मकान में बड़ी मात्रा में सरकारी सीमेंट बरामद की। समाजसेवी दिनेश थाकन ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रशासक कमली देवी और उनके प्रतिनिधि जयपाल परसवाल की ओर से सरकारी सामग्री का दुरुपयोग कर निजी मकान निर्माण कराया जा रहा था। उनका कहना है कि ग्रामीणों से लगातार शिकायतें मिलने के बाद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया, जहां सीमेंट का उपयोग निजी कार्य में होता मिला। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित मकान में पिछले करीब एक माह से निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे दुरुपयोग की आशंका और गहरा गई है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल भी बन गया। वहीं, आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए जयपाल परसवाल ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वे दिनभर घर पर नहीं थे और उनके घर पर सीमेंट किसने रखी, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इधर, पंचायत समिति जालसू के प्रधान हरदेव यादव ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सच्चाई पुलिस और प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## विराटनगर में टॉपर्स का शाही जुलूस, घोड़ी पर बैठे विद्यार्थी

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** कस्बे के विराट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को एक अनोखा और आकर्षक दृश्य देखने को मिला, जब विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में कक्षा 10 व।कक्षा 12 के टॉप करने वाले विद्यार्थियों का भव्य सम्मान किया गया। विद्यालय निदेशक महेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में टॉप विद्यार्थियों को घोड़ी पर बैठाकर डीजे की धुन पर शाही जुलूस निकाला गया, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया। इस दौरान रोहित यादव ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉपर्स में स्थान बनाते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं प्रिंस सैनी, मोनिका, आर्यन, भाग्यश्री, मनीष और हिना सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों का भी विशेष सम्मान किया गया।जुलूस विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचा। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों का माला, साफा पहनाकर और तालियों की गूंज के बीच जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से टॉपर रोहित यादव को इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर निदेशक महेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि 'यह हमारे लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि हमारे विद्यार्थियों ने न केवल तहसील बल्कि जिले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 'कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान कस्बे में हर्षोल्लास का माहौल रहा और बाजारों में इस अनोखे सम्मान की जमकर चर्चा होती रही।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट हड़पने की साजिश! कोर्ट के स्टे के बावजूद निर्माण, बिल्डर पर एफआईआर दर्ज

### सोशल मीडिया से खुला मामला, पीड़ित ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** राजधानी के कालवाड़ क्षेत्र में जमीन हड़पने का बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट पर कब्जा करने और कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य कराने का आरोप लगा है। इस संबंध में पुलिस थाना कालवाड़ में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार खतवाड़ी कला निवासी मदनलाल जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में माचवा स्थित श्री हनुमान नगर कॉलोनी में भूखंड संख्या 51 खरीदा था और तब से उस पर उनका कब्जा है। पीड़ित के अनुसार हाल ही में उन्हें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि उनके प्लॉट पर कुछ लोगों की ओर से तारबंदी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। आरोप है कि अजीत चौधरी (पार बिल्डर्स एंड डेवलपर्स) ने फर्जी आवंटन पत्र और दस्तावेज तैयार कर प्लॉट को हड़पने की साजिश रची। पीड़ित ने बताया कि मामले को लेकर जयपुर विकास प्राधिकरण से यथास्थिति और स्थगन आदेश भी प्राप्त किए गए थे, इसके बावजूद आरोपी द्वारा दबाव बनाकर निर्माण कार्य जारी रखा गया।

### नदी भूमि पर काटी कॉलोनी!

जांच में यह भी सामने आया कि जिस कॉलोनी में प्लॉट स्थित है, वह राजस्व रिकॉर्ड में 'गैर मुमकिन नदी' के रूप में दर्ज भूमि पर विकसित की गई है। तहसीलदार और पटवारी की रिपोर्ट में भी इस तथ्य की पुष्टि होने का दावा किया गया है।

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोपः

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने 9 जनवरी 2026 को भी शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने डाक के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भी शिकायत भेजी, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं जैसे 115(2), 117(2), 126(2), 135 और 329(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दस्तावेजों की सत्यता, जमीन की स्थिति और निर्माण कार्य की वैधता को लेकर जांच की जा रही है।

## सुमेरपुर में सुंदरकांड से गूंजा बाजार, क्विंटल प्रसाद पर उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** मुख्य बाजार स्थित श्री बाल महावीर हनुमान मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव अभूतपूर्व उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर परिसर और आसपास का बाजार 'जय बजरंग बली' के जयघोष से गूंजता रहा, वहीं श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सिरोही की ख्यातनाम सुंदरकांड मंडली ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जिसने पूरे माहौल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सैकड़ों श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन होकर पाठ का आनंद लेते रहे। गुरुवार सुबह विधि-विधान के साथ भगवान हनुमान का अभिषेक एवं भोग अर्पण कर भव्य महाआरती की गई। इसके बाद शुरू हुआ विशाल प्रसादी वितरण, जिसमें करीब डेढ़ क्विंटल लापसी, सवा सौ किलो चने और 400 किलो दूध से तैयार शरबत भक्तों को वितरित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। आयोजन में अनुशासन और सेवा व्यवस्था भी आकर्षण का केंद्र रही, जहां कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभाली। इस दौरान विनोद अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, चत्रभुज शर्मा, महेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, निशांत रावल, सुरेश टांक, गिरीश राठी, निखिल अग्रवाल, चंदू अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## रसद विभाग की अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई, जिले में पेट्रोल-डीजल व गैस आपूर्ति सुचारू

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मध्य पूर्व में जारी संकट के कारण पेट्रोल-डीजल व एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान को देखते हुए धौलपुर जिले में पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेण्डरो की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने, अवैध संग्रहण तथा कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की ओर से गठित विशेष प्रवर्तन जॉच दल द्वारा गुरुवार को सैंपऊ और बसेड़ी क्षेत्र में संदेह के आधार पर रिफिलिंग करने वाले 2 प्रतिष्ठानों की जांच की गई और 6 होटलो व रेस्टोरेन्ट की भी जांच की गई। इनमें घरेलु गैस सिलेंडरों का उपयोग करना नहीं पाया गया। साथ ही 2 पेट्रोल पम्पों का भी निरीक्षण किया गया। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि जिले में आम गैस उपभोक्ताओ को बुकिंग के आधार पर गैस सिलेण्डरो की आपूर्ति सुगमतापूर्वक जारी है। गुरुवार को 2800 सिलेण्डरो का वितरण किया गया। गैस एजेन्सियो के पास गैस सिलेण्डरो का पर्याप्त स्टॉक है। अतः सभी उपभोक्ताओं से आग्रह है कि भ्रामक सूचनाओ पर ध्यान नही दे। समय पर अपनी बुकिंग करावे। निर्धारित समय पर होम डिलेवरी के माध्यम से आपको सिलेण्डरो की आपूर्ति की जाएगी। जिले में आम उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आंपूर्ति की जा रही है और सभी पम्पों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आमजन से अपील है कि भ्रामक सूचनाओ पर ध्यान नहीं दे और अनावश्यक रूप से पेट्रोलियम पदार्थों का संग्रहण / भण्डारण नहीं करें। जिले में किसी भी व्यक्ति/फर्म के द्वारा पेट्रोल-डीजल का अवैध भण्डारण, संग्रहण, क्रय-विक्रय, कालाबाजारी या दुरूपयोग किये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं मोटर स्प्रिट और उच्च वेग डीजल आदेश 2005 के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पाली में बदली प्रशासनिक कमानः डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने संभाली जिम्मेदारी, एल.एन. मंत्री को विदाई

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर/पाली।** जिले में प्रशासनिक फेरबदल के तहत नवपदस्थापित जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान कलक्टर एल.एन. मंत्री से कार्यभार लेते हुए जिले के विकास को गति देने और सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का संकल्प जताया। कार्यभार संभालने के बाद डॉ. गोस्वामी ने अधिकारियों से परिचय कर जिले की प्रशासनिक स्थिति की जानकारी ली और 'टीम पाली' के रूप में समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता रहेगा। इससे पूर्व जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया, वहीं विदाई समारोह में एल.एन. मंत्री को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मंत्री ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए टीम वर्क को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह, ओम प्रभा, बिरजू गोपाल, मुकेश चौधरी, महेन्द्र मेहता, नवीन भारद्वाज सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। नए कलक्टर ने 'नर सेवा ही सर्वोपरि' का संदेश देते हुए जनहित को प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करने की बात कही।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
03 अप्रैल, 2026

# बिसाऊ एकेडमी में टॉपर्स को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** बिसाऊ एकेडमी सी.सै.स्कूल, बिसाऊ में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से घोषित कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए 'सम्मान सम्मारोह' का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूरे विद्यालय खुशी का माहौल रहा । संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह ने सभी विद्यार्थीयों को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी विद्यार्थीयों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य रविश कुमार ने सभी विद्यार्थीयों की होसला अफजाई की ओर भविष्य में इसी तरह मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

## रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा लॉईस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव, प्रतिभाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे के लॉईस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की ओर से गणेश वंदना के साथ किया गया, जिसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों की ओर से प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश राजपुरोहित, डॉ. रमेश मित्तल, कमल कंन्दोई, कैलाश शर्मा, डीएसपी रोहित सांखला, लाईस ग्रुप के अध्यक्ष शंकरलाल सगतानी, चेयरमेन संजय सगतानी, प्रदीप लहरी, सचिव प्रमोद सगतानी, प्रवीण लहरी, प्रधानाचार्य उमेश कुमार, उप प्रधानाचार्य देवेंद्र गुप्ता, अंजना शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और तालियों की गूंज से सराबोर रहा। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और प्रतिभा सम्मान समारोह ने बच्चों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

# बोर्ड परीक्षा सरकारी स्कूल ने रचा इतिहास



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर क्षेत्र के गाँव रेड़ी भूरावास की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं का 12वीं व 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम आने पर गाँव रेड़ी, भूरावास, किलीपूरा, पिथाणा व बिल्लियाँ आदि गाँव के ग्रामीणों ने रेड़ी गाँव की मुख्य चौपाल में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व प्रशासक प्रमिला कंवर की अध्यक्षता में विद्यालय स्टाफ व बच्चों का माला साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया और डीजे की धुन पर नाच गाकर खुशी मनाई। प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95.40 प्रतिशत, 94 प्रतिशत व 93 प्रतिशत अंक हासिल करने पर सुचिना थोरी, जसवीर व शिव चरण आदि का अभिनन्दन किया गया इसी कड़ी में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले कंचन सहारण, पुष्पा जांगिड़ व आइना प्रजापत को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीबीईओ बबलेश शर्मा ने गांव के युवाओं की ओर से की गई। इस पहल की तारीफ करते हुए ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया व राजकीय विद्यालयों को श्रेष्ठ विद्यालय बताते हुए ग्रामीणों को अपने बच्चों को राजकीय विद्यालयों में भेजने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी सरजीत सिहाग, अध्यापक लखपति कुलड़िया, प्रदीप गोस्वामी, एडवोकेट मुकेश जोशी, गिरवरसिँह राठौड़, बंशीराम कस्वां, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे, सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किए श्रीनाथजी के दर्शन, प्रदेश की खुशहाली की कामना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राज्य सरकार के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को नाथद्वारा स्थित विश्वप्रसिद्ध श्रीनाथजी मंदिर में पहुंचकर प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किए। प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की। मंदिर प्रबन्धन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार एवं सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

# जनसेवा की मिसाल बने डॉ. जितेन्द्र सोनी को दी भावुक विदाई





## नवाचार, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन के साथ छोड़ी अमिट छाप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार गुरुवार को भावनाओं से सराबोर नजर आया, जब जयपुर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को गरिमामय एवं भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें न केवल एक सक्षम प्रशासक, बल्कि एक संवेदनशील, प्रेरणादायी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में याद किया। कार्यक्रम में डॉ. सोनी को स्मृतिचिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे सभागार में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और नवाचारों की चर्चा होती रही, जिसने जयपुर प्रशासन को नई पहचान दिलाई।

### स्वर्णिम काल रहा सोनी का कार्यकाल:

मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. सोनी का कार्यकाल जयपुर प्रशासन के लिए 'स्वर्णिम अध्याय' के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रशासन ने न केवल योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया, बल्कि आमजन के जीवन को सरल और सुगम बनाने वाले अनेक नवाचार भी स्थापित किए। उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों में जिला प्रशासन ने जनकल्याण के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल कीं, वे प्रदेश में मिसाल बन गई हैं।

### महानता का परिचय: सफलता का श्रेय टीम को, कमी की जिम्मेदारी मेरी:

अपने विदाई संबोधन में डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अत्यंत विनम्रता के साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जयपुर में बिताया गया समय उनके जीवन के सबसे यादगार अनुभवों में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि उनके कार्यकाल में कोई भी उपलब्धि हासिल हुई है, तो उसका पूरा श्रेय जिला प्रशासन की टीम को जाता है, जबकि किसी भी कमी या त्रुटि की जिम्मेदारी वे स्वयं लेते हैं। उनके इस भावुक और विनम्र वक्तव्य ने पूरे सभागार को भावुक कर दिया।

### भावुक माहौल में दी यादगार विदाई:

समारोह के दौरान कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. सोनी को एक सहज, मिलनसार और प्रेरणादायी अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि उनके साथ काम करना सीखने का एक अनमोल अवसर रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नई जिम्मेदारियों के लिए दी शुभकामनाएं:

समारोह का समापन भावुक क्षणों के बीच हुआ, जहां उपस्थित सभी ने डॉ. सोनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अपने कार्यकाल में जिस तरह नवाचार, पारदर्शिता और जनसंवेदनशीलता का संतुलन स्थापित किया, वह प्रशासनिक सेवा में एक आदर्श उदाहरण बन गया है। जयपुर में उनकी कार्यशैली आने वाले अधिकारियों के लिए एक प्रेरणा और मार्गदर्शक के रूप में याद की जाएगी।

### पारदर्शिता और टीम वर्क की नई परिभाषा:

अधिकारियों ने कहा कि डॉ. सोनी की कार्यशैली में पारदर्शिता, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी। उन्होंने हमेशा टीम को साथ लेकर काम किया और हर कर्मचारी को जिम्मेदारी और सम्मान दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने प्रशासनिक कार्यसंस्कृति को सकारात्मक दिशा दी और कार्यों में गति के साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित की।

### नवाचारों से बदली प्रशासन की तस्वीर:

डॉ. सोनी के कार्यकाल में कई अभिनव पहलें शुरू की गईं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिला
रास्ता खोलो अभियान: वर्षों से बंद पड़े रास्तों को खुलवाकर हजारों ग्रामीणों को राहत
सक्षम जयपुर अभियान: प्रशासनिक सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने की पहल
नरेगा आखर अभियान: शिक्षा और रोजगार का अनूठा समन्वय
नारी चौपाल: महिलाओं को सशक्त मंच, त्वरित समाधान की व्यवस्था
इन अभियानों ने प्रशासन को जनहितकारी, जवाबदेह और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीकानेर रोड रेलवे फाटक के पास पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कार सहित 45.47 ग्राम हेरोइन जप्त, दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 45.47 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम ने सरदारशहर-बीकानेर हाईवे पर रेलवे फाटक के पास नाकाबंदी के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीकानेर की ओर से आ रही एक टाटा हैरियर कार को रुकवाकर तलाशी ली। जांच में वाहन से 45.47 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी 32 वर्षीय सुखवीर और राजासर बीकान निवासी 22 वर्षीय प्रदीप पारीक पुत्र हनुमान पारीक के रूप में हुई है। दोनों



आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई में एसआई रामफूल, कांस्टेबल राकेश कुमार, संदीप कुमार ने सहयोग किया। कार्रवाई में हेडकांस्टेबल धन्नाराम, कांस्टेबल कृष्ण कुमार मीणा, विक्रम कुमार की विशेष भूमिका रही हैं।

## नागौर में युवा राजनीति का उभरता चेहरा: मोहन मेघवाल ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए ठोकी मजबूत दावेदारी

जयपुर टाइम्स



**नागौर(निस)।।** राजस्थान की राजनीति में नागौर विधानसभा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और इसी क्षेत्र से युवा नेतृत्व के रूप में एक सशक्त नाम तेजी से उभरकर सामने आया है – मोहन मेघवाल। मिर्धा कॉलेज, नागौर के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रह चुके मोहन मेघवाल ने अब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है, जिससे राजनीतिक हलकों में नई हलचल देखने को मिल रही है। मोहन मेघवाल का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से ही शुरू हो गया था। मिर्धा कॉलेज में छात्र संघ उपाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने छात्रहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया और कॉलेज में कई सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया गया, जिससे वे छात्रों के बीच एक लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित हुए। मोहन मेघवाल की पहचान केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जनसेवक युवा के रूप में भी है। वे हमेशा गरीब, किसान और जरूरतमंद वर्ग के साथ खड़े नजर आते हैं। उनका व्यवहार सहयोगात्मक और सरल रहा है, जिससे आमजन में उनके प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उन्होंने लोगों की समस्याओं को समझने और उन्हें प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया है। वे मानते हैं कि राजनीति का असली उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुंचाना होना चाहिए। हाल ही में क्षेत्र में चलाए गए नशा मुक्ति अभियानों में मोहन मेघवाल की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाना और युवाओं को सही दिशा देना उनके कार्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

## प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर सरकार प्रतिबद्ध :शिक्षा मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** ।राज्य सरकार के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनका सम्मान किया। सुबह सर्किट हाउस, राजसमंद में दिलावर ने विभिन्न राजकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उपरना ओढ़ाकर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही उन्हें सफलता के शिखर तक पहुँचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। शिक्षा मंत्री ने कक्षा 12 वीं कला में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा माया मेघवाल, कक्षा 10



वीं में 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा मनीषा खरवड, कक्षा 10 वीं में 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा किंजल सेन, कक्षा 12 वीं विज्ञान में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्र प्रेम सिंह चुंडावत, कक्षा 12 वीं विज्ञान में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्र पीयूष पालीवाल, कक्षा 12 वीं वाणिज्य में 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्र विकास जाट से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन में राजस्थान अग्रणी, योग दिवस आयोजन में प्रदेश देश में प्रथम- डॉ. प्रेम चंद बैरवा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने गुरुवार को बैठक लेकर आयुष विभाग (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी) की योजनाओं और प्रगति की समीक्षा की। सचिवालय में हुई बैठक में विभाग की योजनाओं, राष्ट्रीय आयुष मिशन, बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र के क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने विभाग की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2025 में राजस्थान ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर 85 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर योग किया। इसके साथ ही 'प्रकृति परीक्षण अभियान' में भी राज्य ने देश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बजट घोषणाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अजमेर में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना को कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत 1 अप्रैल, 2025 से आयुष के 20 पैकेज जोड़े गए हैं। इसके तहत अब तक 84 आयुर्वेद चिकित्सालयों को पैनल में शामिल किए गया हैं। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों पर पीपीपी मोड पर आयुष वेलनेस केंद्र स्थापित कर प्रदेश को आयुष वेलनेस हब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। 'डिजिटल आयुष मिशन' के तहत ई-औषधि पोर्टल सहित सभी सेवाओं का पूर्ण डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने सभी स्वीकृत एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# संदेश नायक ने संभाला जयपुर जिला कलक्टर का पदभार

### सुशासन, पारदर्शिता और जनकेन्द्रित प्रशासन को प्राथमिकता

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और त्वरित जनसुनवाई पर रहेगा फोकस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलक्टर संदेश नायक ने गुरुवार को जयपुर जिला कलक्टर




का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट में एक गरिमामय वातावरण में पदभार ग्रहण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

पदभार संभालने के पश्चात संदेश नायक ने कहा कि जयपुर जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिले की जिम्मेदारी संभालना उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन की समर्पित टीम के सहयोग से राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि उसे धरातल पर उतारना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। इसी क्रम में जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व परिणामोन्मुखी बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक परिवेदना का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन के साथ संवाद को प्राथमिकता दें और संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करें।

नायक ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देकर पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता में वृद्धि की जाएगी। ई-फाइल प्रणाली सहित विभिन्न आईटी आधारित व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में गति आएगी और अनावश्यक विलंब को रोका जा सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट्स के माध्यम से योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके। साथ ही, नवाचारों को प्रोत्साहित करते हुए जिले को विकास और सुशासन के नए आयामों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत नायक ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की प्रारंभिक समीक्षा की और आपसी समन्वय, टीम भावना तथा परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) आशीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि संदेश नायक इससे पूर्व सिरोही, भरतपुर व चूरू जिलों में जिला कलक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।